राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 99 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटे गांवों में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए।

# जमशेदपुर में झंडा विवाद, मचा बवाल

## हिंसा के बाद इंटरनेट बंद, दो गुटों में पत्थरबाजी और फायरिंग, धारा 144 लागू, सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/जमशेदपुर**
**झारखंड** के जमशेदपुर में झंडा विवाद पर दो दिन के तनाव के बाद सोमवार को हालात काबू में हैं। सुरक्षा बलों ने सुबह कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक में फ्लैग मार्च किया। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर इंटरनेट बंद कर दिया। इस बीच, पुलिस ने अब तक 60 लोगों को अरेस्ट किया है। रविवार देर रात इस इलाके में फिर माहौल बिगड़ गया। दो गुटों में जमकर पथराव हुआ। मामला बिगड़ा तो एक गुट ने पुलिस पर भी पत्थर फेंके। करीब 8 राउंड फायरिंग भी की। जवाब में पुलिस ने भी हवाई फायरिंग की। पत्थरबाजी में ट्रैफिक कमल किशोर समेत कई पुलिस वाले घायल हो गए। सिटी एसपी के.विजयशंकर ने बताया कि भाजपा नेता अभय सिंह को जमशेदपुर में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अबतक कुल 57 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। 120 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, शनिवार की रात रामनवमी के झंडे के खंभे में मांस का टुकड़ा मिलने को लेकर रविवार रात हनुमान मंदिर में हिंदु संगठनों की बैठक हो रही थी। इसी दौरान एक गुट ने मंदिर में बैठक कर रहे लोगों पर पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। तीन घंटे तक बवाल हुआ।

**प्रशासन ने क्या कहा:** उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की है। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।

### मेरठ में मर्डर के बाद आगजनी

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
**मेरठ के** हस्तिनापुर इलाके के गांव पलड़ा में रविवार को 24 साल के विशु की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। सोमवार को विशु का शव गांव पहुंचा। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने समुदाय विशेष आरोपियों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। साथ ही खेतों में खड़ी फसल में भी आग लगा दी।



## युवक की हत्या के विरोध में विहिप का छत्तीसगढ़ बंद


**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**बेमेतरा** में हिंसक घटना और एक युवक की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद किया गया है। बंद का ऐलान विश्व हिंदू परिषद ने किया है। कवर्धा-बेमेतरा के पास विहिप और भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए हैं। जयस्तंभ चौक पर चक्का जाम खत्म हो गया है। भाटागांव में कुछ बसों पर पत्थर फेंका गया है। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव पीड़ित परिवार से मिलने बेमेतरा रवाना हो गए हैं। रायपुर में स्कूल पहुंचने के बाद कई स्कूलों में छुट्टी देकर बच्चों और स्टाफ को घर भेज दिया गया है। रायपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। सुबह 5 बजे से प्रदर्शनकारी बाजार बंद करवाने के लिए निकले हैं। इस मामले में साहू समाज भी समर्थन कर रहा है। क्योंकि बेमेतरा की हिंसक घटना में जिस युवक को मारा गया, वह साहू समाज से था। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बीजेपी और संघ ने बंद का आह्वान किया है। छोटे व्यापारियों से लूटपाट और उनके सामानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वो भी हिन्दू हैं। आखिर ये साबित क्या करना चाहते हैं। घटना पर राजनीति करके बीजेपी निम्न स्तरीय हरकत कर रही है।

## इस साल सामान्य से कम बारिश का अनुमान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इस साल सामान्य से कम मॉनसून रहने का अनुमान है। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने सोमवार को मानसून का अनुमान जारी किया है। इससे देश में फूड ग्रेन प्रोडक्शन को लेकर चिंता बढ़ सकती है। अगर प्रोडक्शन कम हुआ तो महंगाई भी बढ़ सकती है। इससे पहले जनवरी में स्काईमेट ने मानसून के सामान्य से कम रहने का अनुमान लगाया था और अब उसने अपने उसी आउटलुक को बरकरार रखा है। स्काईमेट के बताया कि लॉन्ग पीरियड एवरेज 94% बारिश हो सकती है। यदि मानसून 96%-104% होता है तो इसे सामान्य बारिश कहा जाता है। इसी तरह यदि बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज का 104% से 110% के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक बारिश कहते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अग्निपथ योजना पर लगाई मुहर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना पर मुहर लगाते हुए कहा कि यह योजना मनमानी नहीं कही जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दो अपीलों को खारिज कर दिया। दिल्ली हाई कोर्ट ने 27 फरवरी को अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि अग्निवीर का कैडर बिल्कुल अलग है और भारतीय सेना को दी गई उनकी चार साल की सेवा को रेगुलर सर्विस नहीं माना जाएगा। चार साल पूरा होने के बाद अगर कोई अग्निवीर सेना में ज्वाइन करता है, तो उसकी नियुक्ति नई मानी जाएगी। केंद्र सरकार ने कहा था कि अग्निवीर का कैडर सिपाही के कैडर से नीचे होगा।

## बंगाल में पुलिस ने हिंसा होने दी: एनएचआरसी



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पटना** हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस नरसिम्हा रेड्डी ने बंगाल पुलिस पर रामनवमी हिंसा को न रोकने का आरोप लगाया है। शनिवार को रिसड़ा जाने के दौरान एनएचआरसी टीम और पुलिस की बहस हुई थी। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा पर एनएचआरसी ने अपनी रिपोर्ट पेश की है। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने हिंसा होने दी, उसे रोकने की कोशिश नहीं की। पटना हाईकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जजिस्टस नरसिम्हा रेड्डी व एनएचआरसी की 6 सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दंगे प्री प्लांड थे और भड़काए गए थे। पुलिस ने उन्हें हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के साथ उन जगहों पर भी नहीं जाने दिया जहां धारा 144 नहीं लागू की गई।

## 'ड्रैगन' को शाह का करारा जवाब

### सूई की नोक के बराबर जमीन अब कोई ले नहीं सकता, सीमावर्ती इलाकों के विकास की अब तक की गई अनदेखी को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक: शाह

**वाईब्रेंट विलेज**

**= सेना की वीरता सुनिश्चित करती है कि कोई भी भारत की एक इंच जमीन का भी अतिक्रमण नहीं कर सकता**

टीम **एक्शन इंडिया/किबिथू**
**चीन** से सटी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया कि भारत की ओर बुरी नजर से देखने के दिन लद गए और अब कोई एक भी इंच जमीन पर अतिक्रमण नहीं कर सकता है। शाह ने सीमा से सटे गांव काहो को अब देश के आखिरी गांव के बजाय पहला गांव करार दिया। इस दौरे से जहां चीन को संकेत दिया गया कि भारत किसी दबाव में रहने वाला नहीं है। वहीं विपक्षी दलों की अब तक की 12 सरकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि बार्डर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो 12 सरकारें नहीं कर सकीं, वह नरेन्द्र मोदी सरकार ने दो कार्यकाल में ही कर दिया। अरुणाचल प्रदेश का नामकरण भगवान परशुराम द्वारा किये जाने का उल्लेख कर अमित शाह ने चीन को स्पष्ट संदेश दे दिया कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और भारत की धरती पर सूर्य की पहली किरण यहीं पड़ती है।



### सीमाओं की सुरक्षा ही देश की सुरक्षा: शाह

**मन** की दूरियों की वजह से काहो गांव को भारत का अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन मोदी सरकार ने इस दूरी को मिटाते हुए इस गांव को देश के पहले गांव की संज्ञा दी है।
यही नहीं, दौरे को लेकर चीन की आपत्ति को दरकिनार करते हुए रात को भी इसी गांव में रुकने फैसला किया। सीमावर्ती इलाकों के विकास की अब तक की गई अनदेखी को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार इसे सुधारने की कोशिश में जुटी है।


## देश में 24 घंटे में 5880 नए केस, 14 मौतें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देशभर में** दो दिन की कोरोना मॉक ड्रिल की शुरूआत हुई। अस्पतालों में मॉक ड्रिल के जरिए कोरोना से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया गया। ये मॉक ड्रिल सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में हुई। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एम्स झज्जर का दौरा किया। हरियाणा के झज्जर में एम्स में कोरोना मॉक ड्रिल की गई।

## अमृतपाल का साथी पपलप्रीत गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे के चीफ खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के सबसे करीबी साथी पपलप्रीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे अमृतसर के कत्थूनंगल से पकड़ा गया। आईजी सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि पपलप्रीत पर एनएसए लगाया गया है। उसे डिब्रूगढ़ जेल भेजा जाएगा। उस पर पहले 6 केस दर्ज हैं। वहीं पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह अमृतसर में अपने गांव आकर सरेंडर करना चाहता था, लेकिन उससे पहले ही पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने जॉइंट ऑपरेशन कर उसे दबोच लिया। पपलप्रीत 18 मार्च को अमृतपाल के साथ ही फरार हुआ था। इसके बाद वह साए की तरह उसके साथ चल रहा था। पपलप्रीत और अमृतपाल फरारी के बाद हर बार साथ नजर आए। इनकी पटियाला, कुरुक्षेत्र और दिल्ली में एक साथ होने की सीसीटीवी फुटेज सामने आई थी। इसके अलावा दोनों की एनर्जी ड्रिंक पीते हुए भी सेल्फी वायरल हुई थी।






## 'गांधी परिवार के व्यापारियों से रिश्ते'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस छोड़** चुके वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने बयान दिया कि राहुल गांधी विदेश में अनवांटेड बिजनेसमैन से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार हमेशा से व्यापारियों के साथ जुड़ा रहा है। इसके बाद अडाणी मामले पर केंद्र सरकार पर निशाना साधने वाले राहुल से भाजपा ने जवाब मांगा है। भाजपा ने सबसे पहले रविवार को गुलाम नबी आजाद के इंटरव्यू का वीडियो क्लिप शेयर किया और लिखा- "राहुल गांधी विदेश जाते हैं और अवांछित बिजनेसमैन से मिलते हैं। राहुल गांधी बताएं कि ये व्यापारी कौन हैं जिनसे उन्होंने मुलाकात की और ये मुलाकात किस लिए की गई" इसके बाद सोमवार को भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की और राहुल से पूछा कि राहुल बताएं वो कौन से व्यापारी हैं, आपका एजेंडा क्या है? राहुल गांधी भारत विरोधी व्यापारियों के इशारे पर भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं और मोदी जी के खिलाफ काम कर रहे हैं? गुलाम नबी आजाद जी ने एक बहुत ही गंभीर आरोप लगाया है कि- राहुल गांधी जी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो कई 'अवांछित व्यापारियों' से मिलते हैं और उनके कई व्यापारिक घरानों से संबंध हैं।

**जवाब मांगा**

**= राहुल विदेश जाते हैं और अवांछित बिजनेसमैन से मिलते हैं। राहुल गांधी बताएं कि ये व्यापारी कौन हैं**

## अमृतसर से पहली गुरु कृपा यात्रा ट्रेन रवाना

**फिरोजपुर/अमृतसर:** देशभर के सिख धर्म स्थलों के दर्शन कराने के लिए गुरु कृपा यात्रा ट्रेन रवाना हो गई है। ट्रेन सोमवार सुबह अमृतसर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई, जो करीब 7 दिन का सफर करेगी और 5100 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस ट्रेन को लेकर सिख यात्रियों में काफी उत्साह देखने को मिला। रेलवे द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन के पहले ट्रिप में सिख श्रद्धालु श्री हजूर साहिब (नांदेड़), श्री गुरु नानक झीरा साहिब (बीदर) और श्री हरिमंदिर जी साहिब(पटना) के दर्शन करेंगे।

**अलग राय** बेरोजगारी, महंगाई पर केंद्र सरकार को घेरना चाहिए; आप ने डिग्री दिखाओ कैंपेन शुरू किया

# डिग्री कैंपेन कोई बड़ा मुद्दा नहीं: शरद पवार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अडाणी** मुद्दे पर जेपीसी की मांग को बेकार बताने वाले एनएसीपी चीफ शरद पवार ने अब पीएम मोदी की डिग्री विवाद पर अपनी अलग राय दी है। पवार ने कहा कि किसकी क्या डिग्री है ये राजनीतिक मुद्दा नहीं है। बेरोजगारी, महंगाई, कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार की आलोचना होनी चाहिए। डिग्री दिखाने का यह मुद्दा तब उठा, जब गुजरात हाईकोर्ट ने पीएम के डिग्री सर्टिफिकेट्स की डिटेल मांगने पर सीएम अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार से डिग्री दिखाओ अभियान शुरू किया है। सोमवार को देश की सभी प्रमुख यूनिवर्सिटी में मोदी हटाओ-देश बचाओ का पोस्टर लगाएगी। हालांकि, आम आदमी पार्टी के इस कैंपेन को किसी और पार्टी का सपोर्ट नहीं मिल रहा है।



**विपक्ष में रार**

**= किसकी क्या डिग्री है ये राजनीतिक मुद्दा नहीं है। महंगाई, कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार की आलोचना होनी चाहिए**

**पवार बोले- ये मुद्दे इंतजार कर सकते हैं...:** शरद पवार ने कहा, 'कुछ लोग नेताओं की शैक्षिक योग्यता के मुद्दे पर समय बर्बाद कर रहे हैं, जबकि ये मुद्दे इंतजार कर सकते हैं। देश के सामने इन दिनों इससे ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। ये मुद्दे ही असल मुद्दे हैं। आज धर्म जाति के नाम पर लोगों में दूरियां पैदा की जा रही हैं। महाराष्ट्र में आज बेमौसम बरसात की वजह से फसलें बर्बाद हो गईं, इस पर चर्चा होना जरूरी है।'आप विधायक आतिशी ने दिल्ली में इस कैंपेन की शुरूआत की। आतिशी ने कहा, "हम आज एक अभियान शुरू कर रहे हैं। आप के नेता आपको हर रोज अपनी डिग्री दिखाएंगे। मेरे पास दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए और ऑक्सफोर्ड से दो मास्टर डिग्री हैं। ये सभी असली हैं।"

# कोरोनाः आने वाले दिनों में और बढ़ेंगे केस

## हमने 6 बिस्तर रखे थे जिसमें 4 मरीज हैं और 15-18 बिस्तर अलग से रखे हैं: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना के 699 नए मामले सामने आए और 467 मरीज ठीक हुए, लेकिन कोरोना संक्रमित चार मरीजों की मौत हो गई है। पिछले कई महीनों के बाद एक दिन में 4 मरीजों की मौत का मामला सामने आया है। इसे लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का बयान आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोरोना से हुई 4 मौतों में से 3 की मौत कोरोना समेत अलग-अलग बीमारियों से हुई हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ेंगे, क्योंकि यहां घनी आबादी है।

**इस महीने अब तक 12 मरीजों की हुई मौतः** वहीं, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि चार में से एक मरीज की ही मौत का प्राथमिक कारण कोरोना है। इस माह अब तक कोरोना से 12 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुछ राहत की बात यह है कि संक्रमण दर 23.05 प्रतिशत से घटकर 21.15 प्रतिशत हो गई है। मौजूदा समय में दिल्ली में कोरोना के 2460 सक्रिय मरीज हैं। जिसमें से 126 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल के निदेशक अजय शुक्ला ने कहा कि मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहे जितनी तेजी से पहले बढ़ते थे। जो लोग पॉजिटिव आए हैं उनको पहले से ही कोई बिमारी थी। इनमें से एक दो बच्चे जो आए थे उनमें कोविड संक्रमण गंभीर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कोविड की तैयारियां को लेकर हमारे पास पीएमओ आदि से साफ निर्देश हैं।





### कोरोना से चार की मौत, 699 नए मामले आए सामने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। रविवार को कोरोना के कारण चार मरीजों ने दम तोड़ दिया। वहीं, 699 लोग संक्रमित हो गए, जबकि 467 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 2460 हो गए हैं। इनमें से 1634 मरीज होम आइसोलेशन और 126 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। अस्पतालों के आईसीयू में 53, वेंटिलेटर पर आठ और ऑक्सीजन सपोर्ट पर 33 मरीज भर्ती हैं। कोरोना के मामले बढ़ने के साथ वैक्सीनेशन की मांग भी बढ़ रही है, लेकिन दिल्ली के 11 जिलों में एक भी केंद्र पर मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। केवल तीन जिलों में चार साइट पर शुल्क देकर 13 अप्रैल तक वैक्सीन की सुविधा मिल रही है।

# सिसोदिया-जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' को मिला 10 लाख लोगों का समर्थन

**जनसमर्थन का दावा**

= इस अभियान में दिल्ली के 10 लाख से ज्यादा लोगों ने सिसोदिया और जैन के समर्थन में चिट्ठी पर हस्ताक्षर किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ चलाए गए डोर-टू-डोर हस्ताक्षर अभियान में आम आदमी पार्टी को दिल्ली वालों का समर्थन मिला है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 13 मार्च को शुरू किए गए इस अभियान में दिल्ली के 10 लाख से ज्यादा लोगों ने सिसोदिया और जैन के समर्थन में चिट्ठी पर हस्ताक्षर किया है। बताया कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली के लोगों में आक्रोश है। लोग पूछ रहे हैं कि देश का करोड़ों रुपए गबन करने वाले आजाद घूम रहे हैं और शिक्षा-स्वास्थ्य में बेहतरीन काम करने वाले मंत्री जेल में हैं, आखिर क्यों। राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ जोड़ कर विनती है कि दिल्ली वाले सिर्फ एक ही चीज चाहते हैं कि दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार जो अच्छे काम कर रही है, उनको करने दीजिए। इस दौरान आप के मुख्य प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले एक महीने में आम आदमी पार्टी के दिल्ली संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दिन-रात मेहनत की। उन्होंने एक-एक घर जाकर दरवाजा खटखटाया और लोगों को यह चिट्ठी दिखाई। इसके बाद दिल्ली के लोगों ने इस चिट्ठी पर हस्ताक्षर किए। यह करीब 10 लाख से ज्यादा चिट्ठियां हैं। इन सारी चिट्ठियों को एक निवेदन के रूप में प्रधानमंत्री को दी जायेंगी। मैं हाथ जोड़कर दिल्ली वालों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इस मुहिम में आम आदमी पार्टी का अपरा पूरा साथ और आशीर्वाद दिया।

# पारा चढ़ने के साथ ही बढ़ जाती हैं आग लगने की घटनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** में हर साल पारे बढ़ने के साथ ही दमकल विभाग के पास आग लगने की कॉल्स में भी तेजी से इजाफा हुआ है। दमकल विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो कंट्रोल रूप के पास आने वाली कॉल्स ने पिछले चार सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले चार वर्षों के मुकाबले वर्ष 2022-23 (एक अप्रैल से 31 मार्च) में सबसे अधिक 31,958 कॉल आई, जबकि वर्ष 2021-22 के बीच यह आंकड़ा 27,343 का रहा था। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हर साल लगातार बढ़ रहे पारे की वजह से इन कॉल में इजाफा होने की पूरी संभावना हैं। मौजूदा दिनों में गर्मी ने अभी अपने तेवर ठीक से दिखाना भी शुरू नहीं किया कि फायर कंट्रोल रूम के पास अभी से औसतन हर दिन 80 कॉल आ रही हैं। मई-जून में इनकी संख्या बढ़कर 130 तक पहुंचने की आशंका है। दिल्ली फायर सर्विस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस साल मौत का आंकड़ा भी लगभग दोगुना हो गया है। इस साल अलग-अलग हादसों में 1029 लोगों की जान चली गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा महज 591 का था। इनमें 95 लोगों की झुलसने की वजह से जान चली गई, जबकि 934 लोग दूसरे हादसों का शिकार हुए। वहीं हादसे में घायल हुए लोगों की संख्या में भी खासा इजाफा देखने को मिला। इस साल कुल 2193 लोग जख्मी हुए। इनमें 749 लोग आग में झुलसकर जख्मी हुए जबकि बाकी 1444 लोग अन्य हादसों में जख्मी हुए। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कम साधन होने के बाद भी उनका प्रयास रहता है कि वह हर एक जीवन को बचाकर आम लोगों के नुकसान को कम से कम करें। अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023 के शुरूआती तीन माह (जनवरी से मार्च) में मौत के आंकड़े को देखे तो अब तक कुल 456 लोगों की जान जा चुकी है। यानी हर दिन पांच लोग मौत के मुंह में चले जा रहे हैं। वर्ष 2022 में इस माह अवधि के दौरान यह आंकड़ा 378 लोगों का था। वर्ष 2022-23 के बीच (एक अप्रैल से 31 मार्च) आई कॉल 31958 को देखे तो इनमें 17043 आग लगने की कॉल आई। इसके अलावा 3375 पशुओं के रेस्क्यू, 4414 पक्षी के रेस्क्यू और 7127 बाकी कॉल आईं।

**लापरवाही से होते हैं ज्यादातर हादसेः** दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के ज्यादातर हादसों में सबसे बड़ा कारण लापरवाही होता है।



### इन बातों का रखें ख्याल

= बीच-बीच में कुछ देर के लिए पंखे, एसी या बिजली के अन्य उपकरण बंद करते रहें।

= घर, ऑफिस या दुकान पर बिजली के लोड को नियमित चेक करवाते रहें।

= गर्मी में चलाने से पहले घर का एसी, पंखा की सर्विस और जांच करवा लेना चाहिए।

= किचन में काम करने के दौरान गैस का प्रयोग करते हुए सावधानी बरतना चाहिए।

= गैस चूल्हे को चालू कर बाहर ना जाएं, गैस चूल्हा बंद करके ही बाहर जाएं।

= मल्टी प्लगिंग न करें, देर तक मोबाइल व लैपटॉप को चार्जर पर लगाकर ना छोड़ें।

## लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**निजी** क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया से एक अशिष्ट यात्री को उतार दिया गया है। एयर इंडिया का यह विमान दिल्ली-लंदन की उड़ान पर था, जो यात्री को उतारने के लिए वापस दिल्ली लौटा था। सूत्रों ने सोमवार को दी जानकारी में बताया कि दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-111 में एक यात्री ने जमकर उत्पात मचाया। यात्री ने केबिन क्रू के साथ मारपीट भी की, जिसके बाद विमान को दिल्ली लौटना पड़ा।

# गोकुलपुरी में बुजुर्ग दंपति की गला रेत कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर** पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। दंपति का शव उनके घर से खून से लथपथ हालत में बरामद हुआ, जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं घर में रखा लाखों का कैश गायब है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग दंपति की हत्या लूटपाट के इरादे से की गई है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान 72 वर्षीय राधेश्याम वर्मा और 68 वर्षीय बीना के रूप में हुई है। राधेश्याम दिल्ली सरकार के स्कूल करोलबाग मॉडल बस्ती से वाइस प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह 7:19 बजे गोकुलपुरी थाना पुलिस को जी-245, गली नंबर 13/6, भागीरथी विहार में डबल मर्डर की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गोकुलपुरी थाना एसएचओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बुजुर्ग और उनकी पत्नी का शव बेडरूम में पड़ा था। दोनों की गला रेत कर निर्मम हत्या की गई थी. जांच में पाया गया कि घर में तोड़फोड़ की गई थी।मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बुजुर्ग और उनकी पत्नी वीना रहती थीं, जबकि मकान के फर्स्ट फ्लोर पर उनके बेटे रवि रतन वर्मा (38) साल पत्नी मोनिका (29) 6 वर्षीय पुत्र जयेश के साथ रहते हैं और ये लोग 38 सालों से इस मकान में रह रहे हैं। तफ्तीश में मकान का गेट टूटा हुआ पाया गया। साथ ही घर से 4.5 लाख रुपये और कुछ जेवरात भी गायब हैं। राधेश्याम को हाल ही में घर के पिछले हिस्से को बेचने के लिए 5 लाख रुपये की अग्रिम राशि मिली थी। उनका बेटा रवि वर्मा, पहले मुस्तफाबाद में गेस्ट टीचर के रूप में काम करता था, लेकिन अब वह जौहरीपुर इलाके से गारमेंट्स और कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है।




**जांच जारी**

= हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं



शिक्षा मंत्री ने मेयर शैली ओबरॉय के साथ वजीराबाद गाँव के एमसीडी स्कूल का औचक निरीक्षण किया; वर्षों की उपेक्षा सबके सामने है।

# तिहाड़ जेल में कैदियों के समर्पण का सिलसिला जारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश के बाद कैदियों के सरेंडर करने का सिलसिला जारी रहा। तिहाड़ जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार ने सोमवार को बताया कि रविवार को तिहाड़ जेल में 51 कैदियों ने सरेंडर किया, जिसके बाद पिछले तीन दिन में सरेंडर करने वाले कुल कैदियों की संख्या 2,083 हो गई है। प्रवक्ता के अनुसार, इनमें से 1,546 कैदी अंडर ट्रायल हैं, जबकि 537 सजायाफ्ता कैदी है। नौ अप्रैल को जिन 51 कैदियों ने सरेंडर किया, इनमें से 41 ने तिहाड़ जेल, तीन ने रोहिणी जेल में और मंडोली जेल में सात कैदियों ने सरेंडर किया है। जेल प्रशासन के मुताबिक, दिल्ली के सभी 16 जिलों को मिलाकर अब तक कुल 2,083 कैदियों ने समर्पण किया है, जबकि लगभग 2,000 कैदी अभी भी बाहर हैं और इन्हीं कैदियों को वापस लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तीन दिनों में बड़ी संख्या में कैदियों ने समर्पण किया है। उल्लेखनीय है कि करोना महामारी के कारण तिहाड़ के अलग-अलग जेलों में बंद कैदियों में भी यह बीमारी फैलने लगी थी। इससे जेल में संख्या से अधिक कैदियों के होने के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ गया था। इसपर कोर्ट के आदेश पर करीब चार हजार कैदियों को जेल से छोड़ दिया गया था, ताकि इस महामारी के खतरे को रोका जा सके, लेकिन धीरे-धीरे महामारी के थमने के बावजूद जेल से पैरोल पर रिहा किए गए कैदी वापस नहीं आए, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें 15 दिनों का वक्त देकर जेल वापस लौटने का निर्देश दिया था। इसके बाद से इन कैदियों के सरेंडर करने का सिलसिला जारी है।

**सरेंडर**

= 51 कैदियों ने सरेंडर किया, जिसके बाद पिछले तीन दिन में सरेंडर करने वाले कुल कैदियों की संख्या 2,083 हो गई है

## बच्ची से 40 साल के पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**द्वारका नार्थ** इलाके में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बच्ची ने इशारा कर घटना के बारे में परिजनों को बताया। परिवार वालों ने पड़ोस में रहने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद पोक्सो
एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 40 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित बच्ची अपने परिवार के साथ द्वारका इलाके में रहती है। शनिवार को बच्ची के परिवार वालों ने पुलिस को फोन कर बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार वालों ने 40 साल के एक व्यक्ति को पुलिस को सौंपा और बताया कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है।

# मेट्रो विहार इलाके में मिला हैंड ग्रेनेड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** उत्तरी दिल्ली के मेट्रो विहार इलाके में सोमवार शाम हैंड ग्रेनेड होने की खबर से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस और जांच एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि करीब 7 से 8 देसी हैंड ग्रेनेड्स बरामद किए गए हैं। होलंबी कलां इलाके के खेतों में छिपाकर रखा गया था, कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 25 अप्रैल को दक्षिणी दिल्ली के मोहम्मदपुर इलाके में हैंड ग्रेनेड जैसा ही संदिग्ध सामान मिलने की जानकारी सामने आई थी। बम स्क्वायड की टीम ने वहां पर उसकी जांच की तो पाया गया यह काफी पुराना हैंड ग्रेनेड का एक खोल है। इससे पहले सीमापुरी इलाके में भी एक घर में विस्फोटक मिला था। विस्फोटक एक बैग में संदिग्ध सीलबंद पैकेट में मिला था और उससे कुछ दिनों पहले ही दिल्ली के गाजीपुर मंडी में भी विस्फोटक से भरा बैग मिला था। जिसमें आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट का मिश्रण था।



# वाहन को स्क्रैप करवाने में परिवहन विभाग का एप करेगा मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अगर** 10 साल पुराने डीजल या 15 साल पेट्रोल वाहन के पूरे हो चुके हैं तो आप इसे स्क्रैप करने के लिए खुद घोषित कर सकेंगे। इससे न तो वाहनों के जब्त होने का खतरा रहेगा और न ही मियाद पूरी होने वाले वाहनों को स्क्रैप करने की चिंता सताएगी। अगर आपके वाहन को स्क्रैप कर दिया गया है तो भी जानकारी परिवहन विभाग को दे सकेंगे। वाहनों का सर्वे करने के लिए परिवहन विभाग एप विकसित करेगा। यह आधार से जुड़ा होगा और एक क्लिक पर वाहनों का पूरा ब्योरा उपलब्ध करा देगा। वाहन को स्क्रैप करवाने में यह एप काम करेगा। परिवहन विभाग की तरफ से पुराने वाहन मालिकों को राहत देने के लिए वॉलेंटरी डिसक्लोजर ऑफ स्क्रैप (वीडीएस) की सुविधा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे तमाम वाहन मालिकों को राहत मिलेगी।

सुरक्षा के लिहाज से आय की स्वैच्छिक घोषणा (वीडीआईएस) की तर्ज पर स्क्रैप की जानकारी भी साझा कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारी का कहना है कि प्रदूषण पर शिकंजा कसने के लिए वाहनों को स्क्रैप करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वीडीएस की दिशा में पहल का वाहन मालिकों के साथ-साथ विभाग को भी फायदा मिलेगा।

**आधार बताएगा आपके वाहन का पूरा ब्योराः** वीडीएस के तहत अपना मोबाइल नंबर डालने पर ओटीपी जारी होगा। इसके बाद आधार कार्ड का ब्योरा देने पर वाहन की पूरी जानकारी सामने होगी। अगर वाहन को स्क्रैप कर दिया गया तो इसकी स्वैच्छिक घोषणा कर सकेंगे। अगर मियाद पूरी होने के बाद वाहन को स्क्रैप करवाना है तो भी इस एप या वेबसाइट का इस्तेमाल कर सकेंगे।

**सुरक्षा की नहीं सताएगी चिंता :** वाहनों को स्क्रैप करने पर जारी होने वाले सर्टिफिकेट से नए वाहनों की खरीद पर रियायत का प्रावधान है। सुरक्षा के लिहाज से भी यह बेहद जरूरी है। इसके लिए वाहनों का पंजीकरण रद्द करने के बाद स्क्रैप किया जाता है। निजी वाहनों को स्क्रैप करने के बाद सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता दस्तावेज नहीं मिलते हैं। ऐसे में वाहनों का गलत इस्तेमाल होने का खतरा बना रहता है।

**यार्ड में वाहनों को किया जा रहा स्क्रैपः** पुराने वाहनों को स्क्रैप करने का सिलसिला कई वर्ष से चल रहा है। अभी तक निजी स्क्रैप कारोबारियों से वाहनों को स्क्रैप किया जा रहा था। उनसे स्क्रैप के बदले राशि अधिक मिलती रही, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से अधिकृत एजेंसियों से ही वाहनों को स्क्रैप करवाने की जानकारों की सलाह है।



**ओटीपी जारी होगा**

= प्रदूषण पर शिकंजा कसने के लिए वाहनों को स्क्रैप करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है

# सुकेश मामले की सुनवाई दूसरी अदालत में ट्रांसफर की मांग पर पुलिस को नोटिस

**आदेश**

= प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा ने दिल्ली पुलिस को 17 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपित सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा ने दिल्ली पुलिस को 17 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल, आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज शैलेंद्र मालिक की कोर्ट से ट्रांसफर करने की मांग की है। इस मामले में सुकेश चंद्रशेखर 13 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में है। 14 फरवरी को कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि वो इस मामले में जांच के दौरान जब्त 26 गाड़ियों की नीलामी करे।



## न्यूज फ्लैश

### चोरी की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना बरोदा की पुलिस ने घर से सामान व मोटरसाइकिल चोरी की घटना में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उसागर पुत्र राकेश निवासी पाना घडवाल थाना बरोदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 18 मार्च को अनिल पुत्र रूपचन्द गाँव रिन्ढाणा जिला सोनीपत ने थाना बरोदा में शिकायत दी कि दिनांक 15 मार्च 2023 को मै रोहतक अपनी डयूटी पर चला गया था । मेरी घर वाली 13 मार्च 2023 को बच्चे के साथ अपने घर गढ्ढी गांव चली गयी थी । दिनांक 18 मार्च 2023 को मेरे भाई अशोक की घरवाली सुमीत्रा ने मेरे पास सूचना दी है कि मेरे मकान के ताले टुटे हुए है । जिस पर मै अपने घर पहुचा जो मैने देखा कि मेरे घर के ताले टुटे हुए मिले तथा घर की अलमारी से 25000 रू0 व टुम चैन (सोना) अंगूँठी (सोना) 3 पैचेब जोडी (चांदी) कडा चाँद घूंघरू (सोना) पलेटीना मोटरसाईकल जो बरावैन्टे मे खडी थी ल्फ11ॠ 3187 नं0 है । गायब हुई मिली कोई नाम पता ना मालूम व्यक्ति इन सभी को चोरी करके ले गया । मुझे अब मेरे ही गाँव के भोलू पुत्र बीला गाँव रिण्ढाना पर शक है कि मेरा सामान व मोटरसाईकल शायद भोलू न ही चूराई हो । इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओ के अर्न्तगत थाना बरोदा मे अभियोग दर्ज किया गया। थाना बरोदा की अनुसन्धान टीम में नियुक्त अरकअनिल ने अपनी पुलिस टीम के साथ खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त एक आरोपी राहुल उर्फ भोलू पुत्र बिजेंद्र निवासी रिंढाना जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब घटना में संलिप्त एक और आरोपी सागर पुत्र राकेश निवासी पाना घडवाल थाना बरोदा जिला सोनीपत को भी गिरफ्तार किया है` गिरफ्तार आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल व गहने भी बरामद कर लिए हैं गिरफतार आरोपीयों को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

### मॉकड्रिल में डीसी ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी ने कोविड संक्रमण के दृष्टिगत नागरिक अस्पताल अम्बाला शहर में मॉकड्रिल के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी ने मॉकड्रिल के तहत सबसे पहले ट्रॉमा सैन्टर का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने डयूटी पर तैनात डॉक्टरों से प्रतिदिन की ओपीडी बारे जानकारी ली। पीएमओ डॉक्टर संगीता गोयल से कोरोना संक्रमण के तहत जो यहां पर तैयारियां की गई है उसकी जानकारी लेते हुए यहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने आईसीयू वार्ड, सिटी स्कैन सैन्टर में भी जाकर जो सुविधाएं दी जा रही है उसका अवलोकन किया। डीसी ने ऑक्सीजन प्लांट का भी जायजा लिया। ऑक्सीजन प्लांट के तहत ट्रॉमा सैन्टर व बिल्डिंग के लिए प्लांट द्वारा जो आक्सीजन मरीजों तक पहुंचाई जाती है उस बारे भी जानकारी ली। डॉक्टर हितार्थ ने पीएसए प्लांट के बारे में बताया कि यहां पर 1000 लीटर पूरे भवन के लिए और 200 लीटर ट्रॉमा सैन्टर के लिए दी जाती हैं। उपायुक्त ने मॉकड्रिल के दौरान कोविड टैस्टिंग के बारे में भी जानकारी ली और यहां पर प्रतिदिन कितनी टेस्टिंग हो रही है उसके बारे भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि बूस्टर डोज के तहत जो भी स्वास्थ्य कर्मी रह गया है वह तुरन्त बूस्टर डोज लगवाना सुनिश्चित करें। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर अपनी सेवाएं दें। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी बताया कि कोविड संक्रमण के बचाव बारे तैयारियां की गई है आज उसका मॉकड्रिल के तहत जायजा लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड संक्रमण के दृष्टिगत किसी भी कार्यक्रम में 100 से ज्यादा व्यक्ति इक्टठे होते है तो वहां मास्क पहनना अनिवार्य किया गया हैं। इस मौके पर पीएमओ डॉक्टर संगीता गोयल, डॉक्टर हितार्थ, डॉक्टर राहुल सिंह, डॉक्टर संजय के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें।

### देवीनगर टोलकर्मियों ने वाहन चालक पर किया हमला, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**देवी** नगर टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग गाड़ी को लेकर हुए विवाद में टोल कर्मियो ने एक लोडिंग गाड़ी के चालक से मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। सदर पुलिस ने जाबिर हसन निवासी जलालाबाद की शिकायत पर टोल कर्मचारी सुरेंद्र, हेमंत व सागर के खिलाफ केस दर्ज किया है। जाबिर का कहना है कि वह 8 अप्रैल को खन्ना से सहारनपुर के चला था। देवी नगर टोल पहुंचने पर टोल कर्मचारी ने उसकी गाड़ी को ओवर लोड बताया, जब गाड़ी का वजन करवाया तो वह ओवरलोड नहीं थी। इसी बीच टोल कर्मियों ने जाबिर पर डंडो से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनाज मंडियों का पूर्व सीएम हुड्डा ने किया दौरा

## पोर्टल के नाम पर पंगू बनी सारी व्यवस्था, मंडियों में नहीं हो रही सुचारू खरीद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज समालखा अनाज मंडी और पानीपत अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में किसान, मजदूर और आढ़तियों से बात की व गेहूं और सरसों की खरीद का जायजा लिया। हुड्डा ने मंडी में सरकारी खरीद नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को सुचारू रूप से खरीद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार के इसी ढुलमुल रवैये के चलते पहले किसान की सरसों पिटी। किसानों को एमएसपी से 500-1000 रुपए कम रेट पर

**8 मंडी में किसान, मजदूर और आढ़तियों से बात की व गेहूं और सरसों की खरीद का जायजा लिया**

अपनी फसल बेचनी पड़ी। अब यहीं हाल गेहूं का हो रहा है। नमी और डिस्कलर का बहाना बनाकर सरकार खरीद करने से इंकार कर रही है। पहले से मौसम की मार झेल रहे किसानों को और परेशान किया जा रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के चलते किसानों ने 17 लाख एकड़ से ज्यादा फसल खराबे की शिकायत की है। लेकिन अब तक सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी मुश्किल



से 10% फसल की ही गिरदावरी कर पाई है। गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है, ऐसे में कब गिरदावरी पूरी होगी और कब किसानों को मुआवजा मिलेगा। किसानों का कहना है कि सरकार के दबाव के चलते अधिकारी गिरदावरी में कम से कम खराबा दिखा रहे हैं, ताकि किसानों को कम मुआवजे में टरकाया जा सके। कांग्रेस की मांग है कि किसानों के नुकसान को देखते हुए 25,000 से लेकर 50,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए और एमएसपी पर भी 500 रुपये बोनस दिया जाए, ताकि किसान को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार किसानों को फूटे दाने, छोटे दाने, नमी और लस्टर लॉस की लिमिट में भरपूर छूट दी जाए। क्योंकि, इस बार मौसम की भयंकर मार के चलते 9% से 15% तक गेहूं का दाना फूटा हुआ है। लेकिन सरकार सिर्फ 6% तक ही खरीद कर रही है। इसी तरह 4% से 8% तक दाना डिस्कलर है लेकिन खरीद सिर्फ 2% से नीचे की हो रही है। सरकार को समझना चाहिए लस्टर लॉस और नमी में किसानों का नहीं मौसम का दोष है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हैफेड और एफसीआई के एमडी से भी बात की और उन्हें जल्द से जल्द खरीद के लिए कहा। हुड्डा ने कहा कि मंडियों में खरीद का काम व ह्यमेरी फसल, मेरा ब्योराह्ल पोर्टल कई दिन से बंद पड़ा है। हर फसली सीजन में जरुरत के वक्त पोर्टल काम करना बंद कर देता है। पोर्टल के नाम पर सरकार ने पूरी व्यवस्था को पंगू बना दिया है। जबकि, कांग्रेस कार्यकाल में बिना पोर्टल की झंझट के किसानों की फसल खरीदी जाती थी। प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर दोबारा ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाएगी जिससे किसानों को ना फसल बेचने में देरी हो और ना ही उसके भुगतान में। हुड्डा के सामने किसानों के साथ आढ़तियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी जल्द शुरू करेंगे आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी संगठनों की ओर से 15 मई से पुनः आंदोलन शुरू किया जाएगा। कर्मचारी 15 मई को गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को ज्ञापन सौंप कर आंदोलन की शुरूआत करेंगे। इसके बाद सभी विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है, जिससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में बहुत रोष है। सरकार ने कर्मचारियों की पेंशन इसलिए बंद कर दी, क्योंकि पेंशन देने से सरकारी खजाने पर आर्थिक पड़ता है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सरकार ने 2006 में न्यू पेंशन स्कीम लागू की।

## मंगलई राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**सीता** देवी वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड ने सभा की वर्षगांठ के अवसर पर मंगलई राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्टेज बनवाया, बच्चों के बैठने के लिए टाट उपलब्ध करवाये और शिक्षा जागरूकता के ऊपर बच्चों से सामान्यज्ञान के प्रश्नो के उत्तर पूछ कर विजेताओं को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार बाटें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम शर्मा पूर्व चेयरमैन नगर परिषद् अम्बाला सदर बतौर मुख्य अतिथि और वशिष्ट अतिथि के रूप में एच बी मुंजाल चेयरमैन तुलसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन शामिल रहे । इस अवसर पर सोसाइटी के प्रेसिडेंट आर के शर्मा, डॉक्टर दिनेश बेदी उपप्रधान, महासचिव अर्चना, कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता, सयुंकत सचिव डॉक्टर प्रशांत मुंझाल, कार्यकारिणी सदस्य ललित, कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर विजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुलश्रेष्ठ, अरुण शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, डॉक्टर चंदर मोहन कक्कड़, कनिका जैन, प्रीति कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर के के जैन, श्रेयान शांडिल्य, स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता बंसल, अद्यापिका नीलम कुमारी, अद्यापिका गायत्री शर्मा, अद्यापक राजेश मौजूद रहे ।

### क्यूआर कोड स्कैन कर देखें अपना प्रॉपर्टी डाटा- परिषद सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** हरियाणा मे शहरी प्रोपर्टी धारको के लिए सरकार ने एक और सुनहरा अवसर प्रदान करते हुए अब पोर्टल पर अपने प्रोपर्टी डाटा को सत्यापित करने के लिए विशेष योजना जारी की है। जिसके चलते राज्य की सभी 88 शहरी निकायों की प्रोपर्टी का डाटा विभागीय पोर्टल पर लाइव देखा जा सकेगा। पोर्टल पर ही किसी भी तरह के सुधार का विकल्प भी मौजूद रहेगा। पोर्टल पर जाने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि साफ सिटी, सेफ सिटी के तहत हरियाणा के शहरी पोर्टल धारकों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करते हुए अब पोर्टल पर अपनी प्रोपर्टी का डाटा सत्यापित किया जा सकेगा।

## एक महिला को मादक पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिले के** एन्टी नारकोटिक सेल की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में मादक पदार्थ सहित एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला आरोपी मूल रूप से उतर प्रदेश, हाल में कुण्डली,जिला सोनीपत की रहने वाली है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 09 अप्रैल को एन्टी नारकोटिक सेल के अनुसंधानकर्ता रक हरिप्रकाश अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियो एवं असामाजिक तत्वो की खोज मे जी.टी रोड जाटी मोड पर मौजुद था कि मुखबर खास से सुचना मिली की एक महिला वासी लाण्डा कालौनी कुण्डली जो चाय का खोखा कर रही है जो गाँजा बेचने का काम करती है और आज अपने खोखा के सामने रोड पर सफेद रंग की पोलोथीन में गाँजा लेकर बेचने की फिराक में खडी है अगर फोरी रैड की जाए तो काबू आ सकती है । जिस सूचना पर रक हरिप्रकाश अपनी पुलिस टीम के साथ मौका पर पंहुचा तो एक औरत अपने हाथ में सफेद रंग की पोलोथीन लिए खडी दिखाई दी जो पुलिस पार्टी को देखकर एकदम तेज-तेज कदमो से चलने लगी जो हरिप्रकाश की पुलिस टीम में तैनात मुख्य सिपाही रीना ने महिला को नियमानुसार काबू करके नाम व पता पूछा तो उसने अपनी पहचान निवासी लाण्डा कालौनी कुण्डली के रूप में दी थी। नियमानुसार तलाशी लेने पर महिला के कब्जा से अवैध गाँजा मिला । जिसका वजन करने पर 304 ग्राम मिला। इस घटना का मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम के अर्न्तगत थाना कुंडली में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम द्वारा गिरफतार महिला आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर अपने किये अपराध की स्वीकारोक्ति करते हुये बताया कि इस अवैध गांजा को नामपता नामालूम व्यक्ति से नरेला दिल्ली से 2500 रुपये में लिया था।

गिरफ्तार महिला आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया गया है।

### मंडलायुक्त एवं एडीजी ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**मंडलायुक्त** एवं एडीजी द्वारा वृंदावन पानीगांव संपर्क मार्ग स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र में मथुरा के डीएम समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की गई। मंडलायुक्त अमित कुमार गुप्ता एवं एडीजी राजीव कृष्ण द्वारा डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडेय, नगर आयुक्त अनुनय झा समेत अन्य अधिकारियों के साथ की गई। बैठक ठा. बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण एवं नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने पर मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं,लेकिन अब वीकेंड और प्रमुख त्योहारों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण यहां घण्टों जाम की स्थिति बनी रहती है। बताया गया कि यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए जगह जगह पार्किंग व्यवस्था और सुदृढ की जाएगी। साथ ही बाहरी वाहनों को शहर के बाहर ही रोके जाने की तैयारी की जा रही है, जिससे की शहर के अंदर मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में जाम की स्थिति ना बन सके। वहीं बैठक के बाद प्रयास संस्था के पदाधिकारी अधिकारियों से मिले। अध्यक्ष अभय वशिष्ठ ने कहा कि वृंदावन में जाम सबसे बड़ी समस्या है। इसके समाधान के साथ ही ई-रिक्शाओं पर कंट्रोल तथा इनके रेट और रूट दोनों तय किए जाने चाहिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह, एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह, एसपी ट्रैफिक देवेश शर्मा, विवेक आचार्य, जॉनी भाटिया, अतुल श्रीवास्तव, अनुज शर्मा आदि उपस्थित थे।

## कोरोना से निपटने के लिए सिविल अस्पताल में मॉकड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कोविड संक्रमण से निपटने हेतु सिविल अस्पताल में आयोजित मॉकड्रिल में स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधों का जायजा लिया।

विज ने अस्पताल के ईमरजेंसी वार्ड में निरीक्षण की शुरूआत करते हुए पीएसए प्लांट, आईसोलेशन वार्ड, दवाओं के स्टॉक, एंबुलेंस एवं अन्य प्रबंधों को चैक किया। ईमरजेंसी वार्ड में दाखिल मरीजों से मंत्री विज एक-एक करके स्वयं रूबरू हुए और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन एवं अन्य उपकरणों की जांचा और डॉक्टरों से इनके वर्किंग बारे पूछा। इसके उपरांत पीएसए प्लांट की वर्किंग को उन्होंने चैक करते हुए कर्मचारी से रजिस्टर मंगवाकर इसे चेक किया।

उन्होंने अस्पताल के तीसरे फ्लोर पर आईसोलेशन वार्ड में दवाओं के रिकार्ड को चैक किया, यहां उपलब्ध दवाओं की एक्सपाइरी डेट चैक किए। इसके उपरांत आईसोलेशन वार्ड में जाकर डॉक्टरों से व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिए कि आईसोलेशन वार्ड पर यह स्लीपे चस्पा करवानी सुनिश्चित करवाएं की कोविड का कोई भी पेशेन्ट यहां पर अभी दाखिल नहीं हैं, ताकि कोई भी दूसरा मरीज यहां पर न आ सकें। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एम्बूलेंस 108 व पुलिस की 112 नम्बर डायल की वास्तविकता जानने के लिए अपने मोबाईल से फोन कर उन्हें नागरिक अस्पताल में पहुंचने के लिए कहा।

**जायजा के दौरान दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत नागरिक अस्पताल, अम्बाला छावनी का दौरा करते हुए मॉकड्रिल के तहत जो तैयारियां की गई हैं उन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने विस्तार से डॉक्टरों से कोरोना से बचाव बारे जो कार्य किए जा रहे है उसकी भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएमओं को स्प्रे व कर्टन इत्यादि के दिए निर्देश वहीं, स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने निरीक्षण के दौरान पीएमओ को निर्देश दिए कि नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी में स्प्रे करवाना सुनिश्चित करवाएं तथा सभी जगहों व दरवाजों पर एयर कर्टन लगवाएं, कोई भी दरवाजा खुला नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण करते हुए डॉक्टरों से कोविड संक्रमण के दृष्टिगत प्रतिदिन होने वाले कोविड टेस्टिंग के बारे में भी जानकारी ली। कितने लोगों की टेस्टिंग हो रही हैं उस बारे जानते हुए प्रीकॉशन डोज के लिए प्रेरित करने बारे निर्देष दिए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों को प्रीकॉशन डोज लगवाना सुनिश्चित करवाएं।

### कोरोना को लेकर तैयारी शुरू, आज और कल मॉकड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कोरोना को** लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सोमवार को कोई नया कोरोना मरीज सामने नहीं आया। मंगलवार और बुधवार को कोरोना की तैयारियों के मूल्यांकन के लिए मॉकड्रिल की जाएगी। सोमवार को किसी की भी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई। जनपद में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या इस समय पांच है। जिला अस्पताल और अन्य स्थानों पर प्रतिदिन नियमित रूप से कोरोना जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। कोराना के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम प्रभारी डा.भूदेव ने बताया कि सोमवार को आईं सभी रिपोर्ट नकारात्मक मिली हैं। सैंपल प्रतिदिन जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दूसरी ओर आसपास से आ रहीं कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## स्वास्थ्य विभाग से प्रबंधन-टीकाकरण की प्रगति की ली जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,**
**कोविड** संक्रमण से निपटने की तैयारियों को लेकर सोमवार को सामान्य अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दो दिनों के इस प्रस्तावित मॉक ड्रिल के बारे में उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड संक्रमण से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिले में दो दिन तक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। मॉक ड्रिल का यह अभ्यास मंगलवार को भी जारी रहेगा।

उपायुक्त ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान अस्पतालों में कोविड की रोकथाम और प्रबंधन के लिए दवा, आईसीयू बेड और मेडिकल ऑक्सीजन सहित उपलब्ध संसाधनों का आकलन किया जा रहा। उपायुक्त ने मॉक ड्रिल में कोविड रोगियों के इलाज से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली व उन्हें और दुरस्त करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कोविड के बढ़ते संक्रमण को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयंत आहूजा से कोविड संक्रमण के बढने.के मद्देनजर कोविड प्रबंधन और टीकाकरण की प्रगति के बारे में भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरत कर ही हम कोविड जैसे संक्रमण से अपने आप को दुरस्त रख सकते हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर मॉस्क का उपयोग करने की जोरदार अपील की। उपायुक्त ने कोविड मामलों में वृद्धि को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने और कोविड प्रबंधन के लिए सभी तैयारियां रखने का सुझाव भी दिया। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्गों और कमजोर जनसंख्या समूह के टीकाकरण में तेजी लाने के लिए भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि कोविड मामलों में बढोत्तरी के दृष्टिगत सार्वजनिक और निजी दोनों स्वास्थ्य सुविधाओं में अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जा रहा है। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पतालों में कोविड की रोकथाम और प्रबंधन के लिए दवा, आईसीयू बेड और मेडिकल ऑक्सीजन सहित उपलब्ध संसाधनों का आकलन भी किया जा रहा है।

# एआरटीओ कार्यालय पर भाकियू का आंदोलन, तालाबंदी

## किसान संगठन का आरोप दलालों को मिला है अधिकारियों का संरक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने एआरटीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। तालाबंदी कर कार्यकर्ता मुख्यगेट पर बैठ गए और हुक्का गुडगुडाया। कार्यकर्ता टोपी पहनकर हाथों में झंडे लेकर एआरटीओ कार्यालय पहुंचे थे। यहां पर नारेबाजी कर कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व शमशेर सिंह ने किया तथा संचालन महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चिरौली, निवर्तमान जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से का कहा कि एआरटीओ कार्यालय दलाली का अड्डा बन गया है। यहां पर कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क दिये नहीं होता है। कार्यालय के बाहर दलालों का अड्डा बना हुआ है, ये दलान कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारियों की मिली भगत से काम करते हैं। सीधे किसी का काम आसानी से होता नहीं है, वहीं इन दलालों के माध्यम से



बिना किसी रूकावट के काम हो जाता है। अधिकारी भी मीनमेख नहीं निकालते हैं। अपना काम सीधे नहीं होते देख लोग इन दलालों की शरण लेते हैं। दलालों की कमाई में से कमीशन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों को भी पहुंचता है। किसानों के ट्रैक्टरों का दस हजार से लेकर अस्सी हजार तक का चालान काटा गया है। किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है लेकिन अधिकारी कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं। ऑटो, ई रिक्शा के भी हजारों रुपये के चालान काटे जा रहे हैं। जिससे गरीबों का जीना मुश्किल हो गया है। एआरटीओ कार्यालय के अधिकारी किसानों के ट्रैक्टरों का चालान काटना बंद करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं नहीं तो भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन मथुरा एआरटीओ दफ्तर पर किया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मनमारी जारी रही तो किसानों का धरना अनिश्चितकालीन चलेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से निवर्तमान जिला अध्यक्ष राकेश चैधरी, किसान नेता राजवीर नेताजी, मोनू पंडित, रहीस कुरेशी, फैजान कुरैशी, अरमान, सोयव, आदि मौजूद रहे।

## अनाज के कट्टे चोरी करने की घटना मे संलिप्त तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ जिले** के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने राशन डिपो से अनाज के कट्टे चोरी की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमित पुत्र भगवान दास निवासी सेक्टर-7 गोहाना जिला सोनीपत, संजू पुत्र महाबीर व बलबीर पुत्र रामदेव दोनों निवासी किसान कॉलोनी नजदीक नई अनाज मंडी गोहाना के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 09 अप्रैल को बीर सिंह पुत्र श्री नफे सिंह निवासी गांव चिडाना जिला सोनीपत ने थाना

**8 इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओ के अर्न्तगत थाना सदर गोहाना मे अभियोग दर्ज किया गया**

सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि मेरे पास गांव का राशन डिपो का चार्ज है जो राशन डिपु मे अनाज के कट्टे रखे हुये थे जो आज मैं डिपो की तरफ चैक करने के लिए गया तो डिपो के सामने एक गाडी खडी थी जिसमे 03 व्यक्ति डिपो से अनाज के कट्टे चोरी करके लोढ कर रहे थे जिस बारे तुरंत पुलिस को सूचित किया गया जो मौका पर पहुँच कर पुलिस पार्टी ने तीनों आरोपियों को काबू किया गया। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओ के अर्न्तगत थाना सदर गोहाना मे अभियोग दर्ज किया गया।

अनुसन्धान टीम में नियुक्त यशपाल ने घटना में संलिप्त तीन आरोपियों अमित पुत्र भगवान दास निवासी सेक्टर-7 गोहाना जिला सोनीपत, संजू पुत्र महाबीर व बलबीर पुत्र रामदेव दोनों निवासी किसान कॉलोनी नजदीक नई अनाज मंडी गोहाना को गिरफ्तार किया है।

## संपादकीय

# इस विरोध का अर्द्धसत्य

**जब से** एनसीईआरटी ने इतिहास विषय में एक्सपर्ट कमेटी के सलाह पर बदलाव करने का फैसला किया है तब से वामपंथ और कांग्रेस विचारधारा से प्रभावित अकादमिक गुट सक्रिय हो गया है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है।ऐसा ही माहौल तब भी तैयार किया गया था जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी मानव संसाधन विकासमंत्री थे। इस समय इतिहास विषय में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को आतंकवादी आंदोलन के नाम से पढ़ाया जा रहा था। डॉ. जोशी के कार्यकाल में एनसीईआरटी ने इतिहास से आतंकवादी शब्द को हटाने का निर्णय लिया था। इसके साथ ही बहुत से भ्रामक तथ्य जानबूझकर गलत तरीके से इतिहास विषय के रूप में बच्चों को पढ़ाए जा रहे थे। इसका एकमात्र उद्देश्य यह था कि नई पीढ़ी हमेशा कांग्रेस और गांधी को देश की आजादी के आंदोलन का अगुवा और मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को साम्प्रदायिक शक्तियों के रूप में समझे। एनडीए प्रथम सरकार के कार्यकाल में एनसीईआरटी के इतिहास पाठ्यक्रम में बदलाव भी किया गया। इसके बाद दुर्भाग्यवश एनडीए सरकार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई और कांग्रेस समर्थित सरकार ने सत्ता में आते ही उसी पुराने इतिहास के सिलेबस को फिर से लागू कर दिया। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि देश में एक खिचड़ी गठबंधन सरकार ने अपने अधिकारों के प्रयोग कर पूर्ववर्ती सरकार के फैसले को बदला तो एक पूर्ण बहुमत की सरकार जिसको देश ने दोबारा प्रचंड बहुमत दिया है उसने एक्सपर्ट कमेटी की सलाह पर अगर कुछ बदलाव किए भी हैं तो इसपर इतना हंगामा खड़ा क्यों किया जा रहा है। वास्तव में जैसे-जैसे इतिहास विषय में नये शोध के माध्यम से नई-नई जानकारियां निकल कर आ रही हैं उससे वामपंथी इतिहासकारों और कांग्रेस शासन के गठजोड़ की कूटरचित इतिहास की परतें खुलती जा रही हैं। इससे भारत विभाजन में कांग्रेस की साम्प्रदायिक राजनीति का काला अध्याय और वामपंथियों के सोवियत संघ समर्थित राजनीति की असलियत सामने भी आने लगी है। वास्तव में यह विरोध इतिहास विषय से कुछ चैप्टर को हटाने से कहीं ज्यादा देश के ऊपर थोपे गए तथ्यहीन इतिहास पर कठघरे में खड़ा होने से बचने का है। प्रोफेसर ई.एच. कार ने अपनी पुस्तक 'इतिहास क्या है' में लिखा है कि इतिहास की व्याख्या समय के साथ उद्घाटित होने वाले तथ्यों और सूचनाओं के आलोक में परिवर्तनशील है। जैसे-जैसे नये तथ्य एवं जानकारियां जुड़ते जाएंगे वैसे-वैसे ही इतिहास की व्याख्या और विषयवस्तु में परिवर्तन होता रहेगा। प्रोफेसर बिपन चन्द्रा ने भी स्वीकार किया है कि कोई भी इतिहासकार अपने इतिहास लेखन को सार्वभौमिक होने का दावा नहीं कर सकता। प्रोफेसर कालिंगवुड ने अपनी पुस्तक 'आइडिया ऑफ हिस्ट्री' में लिखा है कि सम्पूर्ण इतिहास किसी भी इतिहासकार के वैचारिक अभिव्यक्ति का इतिहास है जो यह दशार्ता है कि वह इतिहास को और उसके तथ्यों को किस रूप में देखता है। लेकिन जब कोई विद्वान किसी राजनीतिक दल और विचारधारा के समर्थक के रूप में कार्य करने लगता है तो फिर वह जानबूझकर लोगों को अपने अकादमिक आभामंडल के प्रभाव से विचलित करने का प्रयास करता है। दुनिया भर का नैसर्गिक प्राचीन इतिहास कबीलों से शुरू होता है।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई ठंडी न पड़े



डॉ. आशीष वशिष्ठ

> "जांच एजेंसियों ने 2014-22 के दौरान 1.10 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं, जबकि 2004-14 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में यह आंकड़ा 5346 करोड़ रुपए था। कई गुना का फासला है। स्पष्ट है कि जांच एजेंसियों ने ज्यादा छापे मारे हैं और ज्यादा संपत्तियां जब्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को खुलासा किया है कि करीब 2.25 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए गए हैं और लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसमें जन-धन खातों, आधार और मोबाइल का बहुत बड़ा योगदान है। सरकार ने 8 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थियों के नाम सिस्टम से मिटा दिए हैं। यह भी भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई है। देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है"

**पिछले** दिनों दो मौकों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर बड़ा हमला बोला। पहला अवसर था भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का कार्यक्रम और दूसरा केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की 60वीं सालगिरह। दोनों मौकों पर प्रधानमंत्री ने बिना किसी लाग लपेट के भ्रष्टाचार की सर्जरी करने में संकोच नहीं किया। प्रधानमंत्री ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हरी झंडी दे दी है कि भ्रष्ट लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए। भ्रष्टाचार का इकोसिस्टम 300 दिन में खत्म करना है। विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई का मकसद विपक्ष को डराना और सत्ता हासिल करना रहा है। लेकिन यह आरोप पूरी तरह सही नहीं है। केंद्र सरकार ने राजनीति सहित अनेक क्षेत्रों में भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई की है। इसकी शुरूआत केंद्र सरकार के प्रशासन में जड़ें जमाए भ्रष्ट अधिकारियों को जबरन रिटायर करके की गई थी। बाद में गैर-राजनीतिक दूसरे क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई है। प्रधानमंत्री ने अपने ताजा संबोधनों में किसी भ्रष्टचारी का नाम नहीं लिया लेकिन जिनके बारे में वो बोल रहे थे, वहां तक साफ संदेश पहुंच गया है। और जिस तरह भ्रष्ट नेता और प्रभावशाली लोग जांच एजेंसियों को धमकाने और अपनी सत्ता आने पर अंजाम भुगतने की बातें कर रहे थे, उनका तक भी ये मैसेज पहुंच गया है कि एजेंसियों की कार्रवाई रूकने वाली नहीं है। चूंकि प्रधानमंत्री ने एजेंसियों का एक तरह से संदेश दे दिया है कि सरकार उनके साथ है। ऐसे में एजेंसियां बिना किसी भय, दबाव या धमकी के अपनी कार्रवाई को अंजाम देंगी। सीबीआई की 60वीं सालगिरह के अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया है, लेकिन भ्रष्टाचार का समग्रता में नाश करना है, यह उनका मन्तव्य रहा है। प्रतिक्रिया में विपक्ष का चिलचिलाना स्वाभाविक है, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं या आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किए जा चुके हैं अथवा न्यायाधीशों ने आरोप भी तय कर दिए हैं या जो राजनेता जेल की सलाखों के पीछे हैं, वे कमोबेश 2024 के चुनाव तक ह्यमुक्तह्ण नहीं हो सकेंगे, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ आक्रामक होकर चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। कुछ केस ऐसे भी संभव हैं कि उन्हें 2 साल या अधिक की सजा हो और वे चुनाव के अयोग्य ही करार दे दिए जाएं। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार को सामान्य अपराध नहीं मानते और सीबीआई को सत्य और न्याय का ह्यब्रांडह्ण मानते हैं, लिहाजा जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी ज्यादा मान रहे हैं। कांग्रेस, एनसीपी, तृणमूल, बीआरएस, द्रमुक, शिवसेना (उद्धव गुट) और ह्यआपह्ण आदि विपक्षी दलों के नेता जेल में हैं या भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड के दौरान 124 नेता सीबीआई के शिकंजे में फंस चुके हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों जो संदेश जांच एजेंसियों को दिए उनका निहितार्थ यह है कि जिनके खिलाफ सीबीआई के केस चल रहे हैं, वे बहुत ताकतवर लोग हैं और संस्थाओं की छवि भी बिगाडने का काम करेंगे, लेकिन हमें भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। आपका फोकस भी आपके काम पर होना चाहिए। भ्रष्टाचार गरीब के हक छीनता है। प्रतिभाएं बलि चढ़ जाती हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को पैदा करता है। भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा है। भ्रष्टाचार की कार्रवाई किसी भी बड़े व्यक्ति के खिलाफ हो, आपको उसे अंजाम देना है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह देश की इच्छा है और कानून तथा संविधान आपके साथ हैं। आपको डरना और हिचकिचाना नहीं है। ताकतवर लोग सालों-साल सत्ता में रहे हैं और सिस्टम का हिस्सा भी रहे हैं, आज भी कुछ राज्यों में वे सत्ता में हो सकते हैं, लिहाजा वे इस भ्रष्ट इकोसिस्टम के हिस्सा रहे हैं। अब यह सीबीआई की जिम्मेदारी है, क्योंकि उसमें जनता का विश्वास बढ़ा है। जांच एजेंसियों के नाम कई उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री के इस संबोधन और आह्वान से स्पष्ट है कि अभी सीबीआई, ईडी आदि के छापे बढ़ेंगे, संपत्तियां जब्त की जाएंगी और संभव है कि प्रधानमंत्री ने 2024 का आम चुनाव भ्रष्टाचार के प्रमुख मुद्दे पर लडना तय कर लिया है! ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की साल 2005 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सार्वजनिक कार्यालय से काम कराने के लिए भारत के 62 फीसदी लोगों को रिश्वत देने का अनुभव है। भ्रष्टाचार के कम जोखिम और अधिक इनाम वाली गतिविधि बनने का मुख्य कारण है, अब तक बहुत कम लोगों को भ्रष्टाचार के लिए सजा मिल पाना। आपराधिक न्याय प्रणाली ने शिकायत करने वाले की कम और भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी की अधिक सुनी है। फैसले आने में देरी के कारण आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से ठप्प हो गई है। भ्रष्टाचार के कारण भारत को अपनी कुल जीडीपी का डेढ़ से दो फीसदी का नुकसान उठाना पड़ता है।

जांच एजेंसियों ने 2014-22 के दौरान 1.10 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं, जबकि 2004-14 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में यह आंकड़ा 5346 करोड़ रुपए था। कई गुना का फासला है। स्पष्ट है कि जांच एजेंसियों ने ज्यादा छापे मारे हैं और ज्यादा संपत्तियां जब्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को खुलासा किया है कि करीब 2.25 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए गए हैं और लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसमें जन-धन खातों, आधार और मोबाइल का बहुत बड़ा योगदान है। सरकार ने 8 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थियों के नाम सिस्टम से मिटा दिए हैं। यह भी भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई है।

देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। प्रधानमंत्री मोदी की पूरी राजनीतिक जीवन यात्रा को ध्यान से देखें तो उन्होंने हर जगह भ्रष्टाचार को समाप्त करने और संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने राज्य से भ्रष्टाचार समाप्त कर राज्य को विकास की दौड़ में सबसे आगे पहुंचाया। उनकी यह सोच आज प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी है। बेशक सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग को लेकर विपक्ष ने, मोदी सरकार के खिलाफ, एक सुनियोजित अभियान जारी रखा है, उसके बावजूद प्रधानमंत्री ने जांच एजेंसियों को हरी झंडी दी है कि जांच और कार्रवाई ठंडी नहीं पडनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह आंकड़ा भी देश के सामने रखा कि कुछ भगोड़े अपराधियों की 20,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां कानूनन जब्त की जा चुकी हैं। वर्ष 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सहयोग से 2047 तक भारत को एक विकसित और वैभवशाली राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया था।

और इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार को खत्म किए बिना यह संकल्प पूरा नहीं किया जा सकता, लिहाजा भ्रष्टाचार पर हमले की पीएम मोदी की बात और जांच एजेंसियों का उनके संदेश को इसी संदर्भ में लिया जाना चाहिए।



## कविता

समय के साथ
रिश्ते बदल रहे हैं
धार नहीं रही रिश्तों में
आज
रिश्ते, रिश्ते ही रहते हैं
कोई लिबास नहीं होते
रिश्ते
कि जब मन चाहा
तब बदल लिया
रिश्तों में निहित होती है
भावनाएं
आसमां से ऊंचे
सागर से गहरे होते हैं
रिश्ते
अपनत्व की, आपसी
सौहार्द, सद्भाव,
और प्यार
की भावनाओं से मजबूत
होती है
रिश्तों को चाहिए प्यार के
बीज
प्यार के बीज बिना
अंकुरित नहीं होते रिश्ते
कभी
रिश्तों की डोर
फिसल सकती हैं यह डोर
हाथों से यकायक
द्वेष, ईर्ष्या से
रिश्तों को चाहिए
नरमाहट भावनाओं
की
नफरत के कांटे उगने नहीं
देते रिश्तों को
रिश्तों के बिना जीवन
मंझधार में खड़ा रहता है
जीवन के झंझावातों, भंवर
को
बिना रिश्तों के सहन
करना, झेलना
बड़ा मुश्किल है
क्यों कि रिश्ते फूंकते हैं
जान
विश्वास पर टिकते हैं
रिश्ते
रिश्तों पर ही जीवन
टिकता है, बनता है
मुलायम दूब पर शबनम
का अहसास होते हैं रिश्ते
जेहन में मृदुल स्पर्श होते
हैं रिश्ते
पंखुड़ी पंखुड़ी सहेजना
रिश्तों के सभी तार
क्यों कि
रिश्तों के युग्म होते हैं
अनमोल !

सुनील कुमार

# बहुत याद आएंगे सलीम दुर्रानी

आर.के. सिन्हा

**सलीम** दुरार्नी के बीते रविवार को निधन से भारत ने अपना 1960 और 1970 के दशकों के एक बेहद लोकप्रिय और लाजवाब क्रिकेटर को खो दिया। सलीम दुरार्नी ने गुजरात के जामनगर में आखिरी सांस ली। सलीम दुरार्नी जब मैदान में होते थे, तो कोई भी लम्हा नीरस नहीं होता था। सलीम दुरार्नी के लिए मशहूर था कि वे दर्शकों की मांग पर छक्का मारते थे। उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल हरफनमौला क्रिकेटर माना जाता था। दर्शकों की छक्के की मांग को वे फौरन पूरा करते थे। वे राजधानी में सालों राजस्थान की तरफ से रणजी ट्रॉफी के मैच खेलने के लिए करनैल सिंह स्टेडियम में आया करते थे। राजस्थान की उस दौर की टीम में हनुमंत सिंह, लक्ष्मण सिंह तथा कैलाश गट्टानी जैसे स्टार प्लेयर होते थे। हनुमंत सिंह तो सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्टुडेंट रहे थे। पर सलीम दुरार्नी की लोकप्रियता के सामने बाकी सब उन्नीस थे। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को देखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लाला अमरनाथ विशेष रूप से स्टेडियम में आया करते थे। लाला अमरनाथ करनैल सिंह स्टेडियम के पीछे पंचकुईया रोड में रेलवे के बंगले में रहा करते थे। उन्हें घर से वसंत लेन होते हुए स्टेडियम पहुंचने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते थे। लाला अमरनाथ कहते थे कि सलीम दुरार्नी की बैटिंग देखकर दिल खुश हो जाता है। उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता था। उन्हें देखने और उनके आटोग्राफ लेने वालों की लंबी लाइन होती थी। काबुल(अफगानिस्तान) में जन्में सलीम दुरार्नी ने भारत के लिए अपना पहला टेस्ट मैच 1 जनवरी 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था। दुरार्नी ने लगभग 13 साल क्रिकेट खेली और भारत का जोरदार प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने खेले गए 29 टेस्ट में 25.04 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1202 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 1 शतक और 7 अर्धशतक थे।वह एक ऐसे बल्लेबाज थे जो फैंस की मांग पर छक्का लगाया करते थे। इसके अलावा सलीम दुरार्नी ने गेंदबाजी में भी अपना खूब नाम किया है। उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 75 विकेट भी झटके हैं। वह एक लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे। सलीम दुरानी ने भारत का सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही प्रतिनिधित्व किया है। सलीम दुरार्नी ने भारत को साल 1971 में वेस्टइंडीज की सरजमीं पर पहली टेस्ट जिताने में अहम रोल निभाया था।पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में कुछ गेंदों के अंदर ही क्लाइव लॉयड औ? कप्तान गैरी सोबर्स को सस्ते में आउट कर दिया था। उस मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 17 ओवर में सिर्फ 21 रन दिए थे। सलीम दुरार्नी 1961-62 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज जीत के हीरो रहे थे।उन्होंने कोलकाता और चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच में 8 औ? 10 विकेट हासिल किए थे। सलीम दुरार्नी साल 2005 से 2007 के बीच लगातार दिल्ली आने लगे थे।

## विचार

# यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का ब्रेन गेम

डॉ सत्यवान सौरभ

**एकीकृत** भुगतान इंटरफेस (यूपीआई )एक ऐसी तकनीक है जो विभिन्न बैंक खातों को एक ही मोबाइल ऐप (किसी भी भाग लेने वाले बैंक के) में समेकित करती है - तत्काल रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली प्रदान करती है; उपयोगकताओं को दूसरे पक्ष को अपने बैंक खाते का विवरण प्रकट किए बिना कई बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने की अनुमति देती है। यह तत्काल भुगतान सेवा का एक उन्नत संस्करण है, जो चौबीसों घंटे धन हस्तांतरण सेवा है जो तेज, आसान और अधिक निर्बाध कैशलेस भुगतान को सक्षम बनाता है। इसे भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय बैंक संघ के साथ मिलकर 2016 में एनपीसीएल द्वारा लॉन्च किया गया था। 1 अप्रैल से, इस प्लेटफॉर्म पर प्रीपेड भुगतान उपकरणों का उपयोग करके अधिक का भुगतान किया जाता है, जो एक छोटा सा हिस्सा है। इसका उपयोग अब मुक्त नहीं होगा। इन पर भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी के बैंक को भुगतानकर्ता के बैंक को 0.5%-1.1% का इंटरचेंज शुल्क देना होगा। भीम यूपीआई नागरिकों के पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है और जनवरी 2023 में 12.98 लाख करोड़ के मूल्य के साथ 803.6 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किए गए हैं। नकद के विपरीत, पैसा डिजिटल का उपयोग करके लाभार्थी के खाते में तुरंत स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके अलावा, बीएचआईएम-यूपीआई मोड का उपयोग करके, मोबाइल नंबर या याद रखने में आसान वर्चुअल भुगतान पता (ईमेल जैसा पता) का उपयोग करके मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को प्रभावित किया जा सकता है। यूपीआई ने एक ही मोबाइल ऐप में कई बैंक खातों तक पहुंच को सक्षम बनाया है, जिससे भुगतान में आसानी हुई है। डिजिटल भुगतान किसी भी समय, कहीं भी खातों तक पहुंच प्रदान करता है, इस प्रकार नागरिकों को अपने खातों में भुगतान प्राप्त करना और अपने फोन का उपयोग करके भुगतान करना भी आसान बनाता है। जो लोग समय से बाधित हो सकते हैं, और लेनदेन के लिए बैंक आउटलेट तक भौतिक रूप से पहुंचने में शामिल यात्रा लागत अब आसानी से बैंक खाते तक डिजिटल रूप से पहुंच सकते हैं और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा होने और वित्तीय रूप से शामिल होने के विभिन्न लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हाल ही में लॉन्च किया गया यूपीआई 123 फीचर फोन उपयोगकताओं को सहायक वॉयस मोड में यूपीआई के माध्यम से डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम बनाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन और वित्तीय समावेशन की सुविधा मिलती है। सरकारी प्रणाली में पारदर्शिता में वृद्धिः पहले नकद भुगतान "रिसाव" (वे भुगतान जो पूर्ण रूप से प्राप्तकर्ता तक नहीं पहुँचते) और (नकली) प्राप्तकताओं के अधीन थे, विशेष रूप से सरकारी हस्तांतरण द्वारा सामाजिक सुरक्षा लाभों के संदर्भ में। अब, भुगतान के डिजिटल तरीकों के माध्यम से लाभ सीधे लक्षित लाभार्थी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) खाते में स्थानांतरित किए जाते हैं। देरी से होने वाले नकद भुगतान के विपरीत, डिजिटल भुगतान वस्तुतः तात्कालिक हो सकता है, भले ही प्रेषक और प्राप्तकर्ता एक ही शहर, जिले या देश में हों। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली ग्राहक को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक का उपयोग करके टोल पर बिना रुके एनईटीसी-सक्षम टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक भुगतान करने में सक्षम बनाती है। भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, मोबाइल ऐप, भीम-यूपीआई आदि जैसे कई चैनलों के माध्यम से उपभोक्ताओं को एक इंटरऑपरेबल और आसानी से सुलभ बिल भुगतान सेवा प्रदान करता है। नागरिक बीबीपीएस के माध्यम से कभी भी, कहीं भी आसान बिल भुगतान कर सकते हैं। नकद भुगतान के विपरीत, डिजिटल भुगतान स्वचालित रूप से उपयोगकर्ता के वित्तीय पदचिह्न स्थापित करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# शायद इसलिए... हंगामा है बरपा !

सुनील कुमार महला

**अकबर** इलाहाबादी जी ने बरसों पहले एक गजल लिखी थी 'हंगामा है क्यों बरपा...', जिसे गुलाम अली जी ने गाया था। इस 'हंगामा..' गजल ने उस समय देश ही नहीं अपितु विदेशों तक में भी तहलका मचा दिया था और आज भी यह गजल अमूमन हर किसी के द्वारा सुनी जाती है और इस पर खूब वाह वाह की जाती है। हर जगह हंगामे का ही खेल है। हंगामें से ही मेल है। अजी ! हंगामे का गणित ही कुछ ऐसा है। यह सारा संसार ही आज हंगामामय है। बस इसी में छिपा कहीं न कहीं कोई भय है। जीवन में अगर हंगामा न हो तो जीवन नीरस-नीरस सा लगता है, इसलिए हंगामा आज के जीवन का बहुत जरूरी एलीमेंट है। हंगामा बना आज एलिफेंट है। जीवन का जैसे जोरदार ये(हंगामा) सप्लीमेंट है। हंगामा जीवन सेंट(सुंगध) है। हाल ही में संसद के बजट सत्र का अंतिम दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया और लोकसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई। बजट सत्र का हो गया कबाड़ा। हंगामे ने सारा खेल बिगाड़ा। हंगामा मचाने में एनर्जी तो लगती है लेकिन शायद हंगामा करने वालों के दिल और आत्मा को इससे कोई तगड़ा सुकून मिलता होगा। कोई सत्ता वापसी के लिए हंगामा मचाते हैं तो कोई सत्ता से बाहर होने पर हंगामा मचाते हैं। कभी 'रिश्तों' में हंगामा मचता है तो कभी 'किश्तों' में हंगामा मचता है। कोई 'कैरियर' को लेकर तो कोई 'एरियर' को लेकर हंगामा मचाते हैं। कोई 'खेल' के लिए तो कोई 'सेल' के लिए हंगामा मचाते हैं। स्कूल की छुट्टी होती है तो छात्र हंगामा मचाते हुए स्कूल से बाहर निकलते हैं। इधर कुछ समय से एक स्टेट में राइट टू हेल्थ को लेकर डॉक्टर्स और सरकार ने हंगामा किया। हंगामे में सरकार भी जीती और डाक्टर्स भी जीते। सुनकर अच्छा लग रहा है कि आजकल दोनों ही खुश हैं। वैसे, आजकल सुना तो ये भी है कोरोना के केस फिर बढ़ने लगे हैं, कोरोना हंगामे पर उतारू है। आज मरीज इलाज के लिए तो डाक्टर अपनी फीस के लिए हंगामा मचाते हैं। कोरोना को लेकर सरकारें हंगामा मचा रही हैं, लोगों को सतर्क कर रही हैं। अजी ! आदमी कभी बेरोजगारी के लिए तो कभी शिक्षा के लिए, कभी गरीबी के लिए तो कभी महंगाई के लिए हंगामा मचाता है।

# पेंसिल और शार्पनर की प्रेमकथा

डॉ. सुरेश कुमार

**बस्ते** में एक पुरानी पेंसिल थी। उसका शार्पनर (छिलनी) से चक्कर था। दोनों का प्यार कई दिनों तक बदस्तूर चलता रहा। प्यार भी ऐसा जो सातवें आसमान पर हो। उनके इश्क-ए-खुमार का पता इसी से चल जाता कि पेंसिल से नोटबुक में लिखो तो इश्क-ए-खुमार शार्पनर पर चढ़ता। वहीं पेंसिल टूटने को होती तो शार्पनर का रो-रोकर बुरा हाल होता। शुरू शुरू में इश्क इतना कि दोनों एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे। दिखने में पेंसिल और शार्पनर अलग-अलग थे, लेकिन इश्क की खुश्बू दोनों की एक सी थी। यही किस्सा आगे भी चलता रहा। कोई दूसरा शार्पनर पेंसिल को छू लेता तो शार्पनर का हाल काटो तो खून नहीं वाला हो जाता। दोनों तीन महीने तक कभी बस्ते में पर तो कभी मेज पर साथ-साथ नजर आते। दोनों का रिश्ता इतना गहरा चुका था कि एक-दूसरे के बिना भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते थे। अब भला समय भी कोई चीज होती है। आज जो अच्छा लगता है कल वही खराब लग सकता है और जो कल तक खराब लगता है वही अब अच्छा लग सकता है। पेंसिल पुरानी पड़ चुकी थी। इश्क की छिलन में वह घिस चुकी थी। अब बच्चा उसका कम ही इस्तेमाल करता था। एक दिन घर में नई पेंसिल आई और शार्पनर का आकर्षण उसके प्रति बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने पुराने इश्क के खुमार को पुरानी पड़ चुकी पेंसिल के हवाले करते हुए नई पेंसिल के संग जोड़ी बना ली। यह देख पुरानी पेंसिल बड़ी दुखी हुई। इससे पहले कि वह कुछ पूछे शार्पनर बोल पड़ा झ्र मैं जानता हूँ कि तुम यही जानना चाहती हो न कि मैं तुम्हें क्यों छोड़ रहा हूँ? तो सुनो झ्र जब एक दल कई साल पुराने अपने संगी दल को छोड़कर गठबंधन कर सकता है, कोई पुराना नेता मंत्री पद का लुत्फ उठाने के बाद नए दल में घुस सकता है, कोई दंपत्ति बाल-बच्चे होने के बावजूद किसी दूसरे पार्टनर के संग रह सकते हैं, तो मैं फिर भी शार्पनर हूँ। मैं जब चाहूँ तब, कहीं भी कभी भी किसी भी तरफ मुँह मार सकता हूँ।

तुम बहुत किस्मत वाली हो कि हम दोनों की जोड़ी बहुत दिनों तक टिकी रही। वैसे भी घिसने वालों को टिकने की चाहत नहीं रखनी चाहिए। अलविदा मेरी प्रिया! मैं अब किसी और को चाहने लगा हूँ।

# सामाजिक कार्यो से प्रेरणा मिलती है: सीएम मनोहर लाल

## प्रदेश के एक लाख 80 हजार से नीचे की आय के परिवारों की एक वर्ष में प्रारम्भिक मेडिकल चिकित्सा जांच करवाई जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**प्रदेश के** एक लाख 80 हजार से नीचे की आय के परिवारों की एक वर्ष में प्रारम्भिक मेडिकल चिकित्सा जांच करवाई जाएगी ताकि प्रारम्भिक समय में ही बिमारी का पता चल सके और बिमारी बढने से पहले उसका ईलाज भी करवाया जा सके। यह बात मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पानीपत में गुरू देव सुदर्शन लाल महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कही। यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद और जैन समाज द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि जैन समाज और भारत विकास परिषद द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो से प्रेरणा मिलती है। प्रदेश सरकार द्वारा इन्हीं सामाजिक कार्यो को आगे बढ़ाते हुए पिछले 8 वर्षो में दिव्यांगजनों



को करीब 8 करोड़ रुपए के कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए हैं। यही नहीं विभिन्न गैर सरकारी संगठनों को 44 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इसका बजट भी बढ़ाया गया है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए रैडक्रास की ओर से चलाए जा रहे 15 केन्द्रों को भी ले लिया गया है और उनका सारा खर्च सरकार उठा रही है। सरकार ने 45 बाल आश्रम अनाथालय भी चलाए हैं जिनमें अनाथ बच्चों के लिए 18 वर्ष तक शिक्षा का प्रावधान रखा गया है। यही नहीं 18 से 25 वर्ष तक भी उनकी आगे की शिक्षा और पूरा खर्च सरकार वहन करती है। सरकार ने हरिहर योजना के तहत इन अनाथ लडके और लड़कियों के लिए ग्रुप सी और डी में नौकरी का प्रावधान करके उनके रहने के लिए मकान और शादी का खर्च भी देने का प्रावधान किया है। प्रदेश की दिव्यांग खिलाड़ी दीपा मलिक सभी दिव्यांगजनों के लिए प्रेरक है, जिन्होंने पेराऔलम्पिक में प्रदेश को पदक दिलवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको मानवता का जो चौला मिला है उसे ज्ञान और बुद्धिमता के साथ-साथ संतों का आर्शिवाद मिलना जरूरी है ताकि मानवता की स्थापना के लिए यह प्रक्रिया स्तत रूप से आगे चलती रहे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में करीब 2 करोड़ 65 लाख लोग किसी ना किसी कारण से दिव्यांग हैं। भारत विकास परिषद और जैन समाज जिस तरह से दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए और उन्हें स्वाभिमानी बनाने के लिए काम कर रहा है। इस पुनित कार्य में प्रदेश सरकार भी उन्हें हर तरह से सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत विकास परिषद की करीब 50 ईकाइयां और पूरे देश में 1200 ईकाइयां काम कर रही हैं जो भिन्न-भिन्न रूप से गरीब व्यक्तियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि चण्डीगढ़ में भी मेडिकल चैकअप को लेकर केन्द्र स्थापित किया गया है। हिसार में कृत्रिम अंग निवारण के लिए केन्द्र बनाया गया है। गुरूग्राम में भी आरोग्य धाम स्थापित किया गया है। ये सब भारत विकास परिषद की ईकाइयां हैं जो विभिन्न तरह से सम्पूर्ण समाज को परिवार मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सदियों से जैन समाज लोगों के प्रेरणा का काम कर रहा है। प्रथम तिर्थकंर ऋषभ देव से लेकर भगवान महावीर और ना जाने कितने तिर्थंकरों और मुनियों ने जैन समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है जो हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य सभा नही है। हम सब यहां संतों का आर्शिवाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। सरकार के पास 72 लाख लोगों का डाटा ईक्कठा हुआ है जिनमें से 30 लाख के बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। इन परिवारों को राशन से लेकर आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं के तहत लाभ दिया जा रहा है। बीमा की राशि भी सरकार द्वारा वहन की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जैन समाज की तरह समाज को एकजुटता के रूप में पिरोकर काम करें और सब के लिए प्रेरक बनें।

# सूर्य नमस्कार शरीर के लिए करता है टॉनिक का काम : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सवा** लाख सूर्यनमस्कार अभियान के दूसरे दिन फव्वारा पार्क योग कक्षा में सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास करवाया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में यह अभियान आयोजित किया जा रहा है और आयुष विभाग से डॉक्टर अमित पुंज सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार शरीर के लिए टॉनिक का काम करता है। यदि प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करें तो कई तरह की बीमारियां स्वयं ही गायब हो जाती है। शरीर में विटामिन डी की कमी पूरी होती है। सूर्य से निकलने वाली विटामिन डी हमारे हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती हैं। हड्डियों से संबंधित बहुत सारी बीमारी दूर हो सकती हैं, शरीर में खून का संचार तेज होता है और पूरे शरीर को एनर्जी मिलती है। प्रतिदिन अभ्यास से ब्लड सरकुलेशन हमेशा ठीक रहता है। सूर्य नमस्कार के बारह मंत्रों के साथ बारह आसनों के लाभ बताते हुए प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए जन जन को ऑनलाइन व ऑफलाइन कक्षा द्वारा उत्साहित किया, ताकि प्रतिदिन सूर्य नमस्कार के अभ्यास से व्यक्ति स्वयं भी स्वस्थ रहें और अपने परिवार को भी स्वस्थ रखें।

## पार्किंसन रोग से मरीज की नसों की कोशिकाएं प्रभावित होती : डॉ. खुशबु गोयल

**रोहतक** : पार्किंसन रोग एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो शरीर की संपूर्ण गतिविधि को प्रभावित करता है। यह नाम मात्र की कंपकंपी से शुरू होता है और धीरे-धीरे पूरे शरीर को प्रभावित करने लगता है। यह बीमारी बहुत ही दुर्लभ देखने को मिलती है, लेकिन इस विकार से पीड़ित व्यक्ति को स्वास्थ्य की अन्य समस्याएं, जैसे अवसाद, सोचने-समझने में मुश्किल, चबाने या निगलने में परेशानी और कब्ज भी हो सकता है। (डॉ. खुशबु गोयल, सलाहकार - न्यूरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल अस्पताल, दिल्ली, 11 मार्च सुबह 10 :30 बजे से 2 बजे तक रोहतक के लाइफ केयर अस्पताल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी) दिल्ली स्थित एचसीएमसीटी मणिपाल अस्पताल की न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. खुशबु गोयल बतातीं है की, "इस दुर्लभ विकार के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग होते हैं और शुरूआती चरण में बहुत कम लक्षण दिखाई देते हैं। ये लक्षण आम तौर से शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और धीरे-धीरे दूसरे हिस्सों की ओर बढ़ने लगते हैं। कुछ आम लक्षणों में शामिल हैं: उंगलियों व अंगों में कंपकंपी, पेशियों में अकड़न और गतिविधि का धीमा पड़ जाना, संतुलन बिठाने में मुश्किल और त्रुटिपूर्ण शारीरिक मुद्रा, लिखने और बोलने में परिवर्तन, ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव, दर्द व थकावट, अस्थायी रूप से गंध महसूस न होना और यौन विकार । पार्किंसन रोग के कारणों की पहचान मुश्किल होती है, लेकिन ऐसा देखा गया है कि इससे मरीज की नसों की कोशिकाएं प्रभावित होती हैं, और धीरे-धीरे टूटने व मृत होने लगती हैं।

# मोटरसाइकिल चोर काबू, चार मोटरसाइकिलें बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम व उनकी सहयोगी टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्र से चुराई गई चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी कर्मबीर उर्फ कर्मा पुत्र ईश्वर पाल वासी पखाना जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित कुरूक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा थाना निसिंग के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो



वारदात, थाना शहर के एरिया से एक व थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की एक वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इस प्रकार आरोपी द्वाराचार वारदातों को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद आरोपी के कब्जे से चारो मामलों में चुराई गई चार मोटरसाईकिलें बरामद की गई।

# गिरदावरी की गलत रिपोर्ट दे रहे हैं अधिकारी: अनुराग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा और डॉ. अशोक तंवर सोमवार को अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने गेहूं की खरीद और मंडी में व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान रजनीश चौधरी से भी मुलाकात की और खरीद व मंडी की तमाम व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी की व्यवस्था सरकार के तमाम दावों की पोल खोल रही है।
वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि मंडी में फसल पहली अप्रैल से ही आनी शुरू हो गयी थी, लेकिन अभी तक भी खरीद



शुरू नहीं हुई है। मुख्यमंत्री खट्टर किसानों का मजाक बनाते हैं कि बीजेपी सरकार में मुआवजे के रूप में किसानों को तीसरी फसल मिलती है। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा का दुर्भाग्य है कि खट्टर हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं। किसानों का हजारों क्विंटल गेहू मंडी में खुले में पड़ा है। बारदाने की व्यवस्था भी नहीं की गयी है। इसके साथ मंडी में फसल बेचने आए किसानों के लिए भी कोई खास प्रबंध नहीं किए गए हैं। उन्होंने मौसम की मार की वजह से नमी के नियमों में रियायत देने की मांग की।
वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि सरकार किसानों के साथ पोर्टल का खेल खेलने में लगी है। अभी तक एक तिहाई फसल की गिरदावरी भी नहीं की गई है। प्रदेशभर के किसान दुविधा में हैं कि फसल को काटे या गिरदावरी का इंतजार करें। सरकार का 15 अप्रैल तक गिरदावरी करवाने का दावा झूठा है। मंडियों में हजारों क्विंटल गेहू खुले में पड़ा है। सडकें टूटी हुई है, व्यवस्था के नाम पर मंडी में कुछ भी नहीं है। सरकार साजिश के तहत गिरदावरी में देरी कर रही है।

# जीआरपी टीम ने रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**थाना** जीआरपी की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर पुलिस प्रेजेंस डे पर सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर चेकिंग की गई। आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ कर उनकी आईडी को चेक किया गया। इस संबंध में जीआरपी प्रबंधक थाना जसवीर सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म और ट्रेनों में यात्रियों के सामान की चेकिंग की गई। हालांकि इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि टीम के



साथ रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में चेकिंग की गई है। चेकिंग के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## इंटर जोनल टूर्नामेंट के लिए कवालीफाई किया

**पानीपत:** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोनल बेसबॉल पुरुष टूर्नामेंट जीतकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोनल टूर्नामेंट पर कब्जा करते हुए इंटर जोनल टूर्नामेंट के लिए कवालीफाई कर लिया। पुरुष बेसबॉल टीम में रविंद्र, दीपक, अजय, रजत, आदित्य, बादल, विशाल और अंकित शामिल रहे। जिन्होनें शानदार खेल दिखाते हुए विरोधी टीमों को पछाड़ दिया। यह टूर्नामेंट आर्य कॉलेज पानीपत के मैदान में आज संपन्न हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो.रजनी देवी, कोच अंकुश, ग्राउंडसमैन प्रताप और अन्य स्टाफ सदस्यों ने सभी खिलाडियों को बधाई दी।

# टूर एण्ड ट्रैवल की दुकान मालिक को गोली मारने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**स्पेशल** यूनिट असंध की टीम ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने 28 मार्च को गौंदर रोड निसिंग पर एक टूर एण्ड ट्रैवल के दुकान मालिक को गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक पल्सर मोटरसाईकिल, एक अवैध देशी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमनप्रीत गिल उर्फ प्रधान पुत्र तरसेम सिंह वासी गीता कालोनी असंध व हर्षदीप सिंह उर्फ अमन पुत्र जसबीर सिंह वासी रूकडी जिला अंबाला के नाम शामिल हैं, जिन्हें गत दिवस थाना असंध के एरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से प्रारम्भिक पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने एक साथी दलजीत उर्फ बब्बर उर्फ बाबू वासी बाल छप्पर जिला यमुनानगर के कहने पर फायरिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी दलजीत उर्फ बब्बर उर्फ बाबू गिरफ्तार किए गए आरोपी हर्षदीप सिंह की बुआ का लडका है और पिछले करीब 6-7 साल से अमेरिका में रहकर गिरफ्तार किए गए आरोपियों से हरियाणा में विभिन्न जगहों पर फायरिंग की वारदातों को अंजाम दिला रहा है। इन वारदातों को अंजाम देने के लिए दलजीत आरोपियों को कुछ पैसे भी देता रहता है। विदेश में बैठे-बैठे ही आरोपी फोन के माध्यम से आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाता है और वारदात को अंजाम देने के बाद उन हथियारों को किसी पूर्व निर्धारित जगह पर रखवाकर छुपाने का काम भी करता है।
पुलिस के अनुसार 28 मार्च को गौंदर रोड निसिंग पर वारदात भी आरोपियों ने दलजीत उर्फ बब्बर के कहने की थी। वारदात वाले दिन आरोपी उक्त दुकान पर 15 मिनट पहले भी गए थे। लेकिन दुकान पर अन्य लोग होने की वजह से आरोप बहाने से बाद में आने की बात कहकर चले गए। आरोपी जब बाद में उक्त दुकान पर गए तो आरोपी दुकान मालिक पर करीब चार राउण्ड फायरिंग करके जान से मारने की धमकी देते हुए मौका से फरार हो गए।

# सरकार के दमन के आगे नहीं झुकेगी कांग्रेस: भपेंद्र सिंह हुड्डा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश की सभी मंडियों में गेहूं की खरीद को लेकर अव्यवस्था का माहौल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को फसल का मुआबजा जल्द से जल्द दे। उन्होंने कहा कि मनोहर राज में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने पत्रकारों पर करनाल में हुए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पत्रकारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में मनोहर सरकार दमन पर उतर आई है। वह आज करनाल की नई अनाज मंडी पहुंचे थे। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत



की। वह घरौंडा से करनाल नई अनाज मंडी पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक खुराना के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसान इस सरकार से दुखी हैं। किसानों ने उनसे अपने दर्द को सांझा किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों पर मौसम की मार पड़ी है और सरकार नमी का बहाना बनाकर उनको परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को नुक्सान के एवज में सरकार को अतिरिक्त बोनस देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सभी मंडियों का दौरा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार गांधी परिवार पर हमले कर कांग्रेस को डराना चाहती है। लेकिन कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस का हर वर्कर राहुल गांधी और गांधी परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष पूरी तरह से एकजुटी इसके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में आएंगे।
पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, राकेश काम्बोज, नरेंद्र सांगवान, भीमसैन मैहता, अशोक खुराना, त्रिलोचन सिंह, रजनीश चौधरी, विनय गोयल, रघुबीर संधू, जसवंत, धर्मपाल कौशिक, गगन मेहता, रमेश सैनी, सुरजीत सैनी आदि उपस्थित रहे।

# आईएमए की कार्यकारणी का हुआ गठन, डॉ. नवीन बने नये प्रधान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्थानीय** हैरीटेज लॉन्स में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा नये प्रधान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन गुप्ता सहित नई कार्यकारणी के गठन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. योगेश शर्मा ने शिरकत की। सिविल सर्जन ने कहा कि जो लोग जरूरतमंद तथा गरीब है, उन लोगों की जल्द से जल्द मदद करने का प्रयास किया जाए और जब विश्वास व लग्न से मदद की जाती है तो सफलता अवश्य मिलती है। आईएमए से आम जनता को मदद की बहुत उम्मीद रहती है और उन्हें पूरा विश्वास है कि आईएमए की नई टीम जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी। सिविल सर्जन ने आईएमए के वर्ष 2023-24 के नये प्रधान डॉ. नवीन गुप्ता और उनकी टीम को मैडल ऑफ ऑनर पहनाकर अपनी शुभकामनाएं दी।
आईएमए के नव-नियुक्त प्रधान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन गुप्ता ने कहा कि जो जिम्मेदारी आईएमए ने उन्हें वर्ष 2023-24 के लिए सौपी है उसे वह पूरी लग्न व निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आईएमए का स्लोग्र रहेगा यूनाइटेड वी स्टैंड । उनका प्रयास रहेगा कि डाक्टर और मरीज के बीच में प्यार भरा रिश्ता बने और अगर कहीं कोई गैप है तो उसे आपसी सौहार्द पूर्ण रूप से दूर किया जाए।

# किसानों को नहीं आने दी जाएगी कोई दिक्कत: जे.पी. दलाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में गेंहू खरीद को लेकर किसानो को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना सरकार द्वारा खरीदा जाएगा तथा फसलों की अदायगी 72 घंटे के अन्दर किसानों के खाते में की जा रही है। कृषि मंत्री ने सोमवार को घरौंडा की अनाज मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि यहां की अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। लिफ्टिंग भी समय पर



हो रही है। मंडी में पीने के पानी, किसान कैंटीन, साफ-सफाई तथा सुलभ शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था है, फिर भी अगर कहीं जरूरत पड़ी तो सचिव उसकी व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकार द्वारा मुआवजे के नाम पर किसानों को 3 हजार रुपए प्रत्येक एकड दिया जाता था जबकि मनोहर लाल सरकार द्वारा 15 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया गया था। इस वर्ष भी मुख्यमंत्री ने बेमौसमी बारिश होने पर तुरंत प्रभाव से स्पेशल गिरदावरी के आदेश दिए थे। यह मुख्यमंत्री की किसान हितैषी सोच का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार पर आरोप लगाने का है, जबकि वर्तमान सरकार द्वारा विपक्ष की सरकार से बेहतरीन कार्य किसानों के हित में किया जा रहा है। इस वर्ष बेमौसमी बारिश की वजह से मंडियों में हो रही आवक में गेहूं में नमी की मात्रा अधिक है। इसको लेकर हरियाणा सरकार ने केन्द्र सरकार से नियमों में कुछ ढील देने का अनुरोध किया था जिसे भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है। अब किसान को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में गन्ने का सर्वाधिक भाव दिया जा रहा है। एक शुगर मिल को छोडकर बाकि सभी मिलों की समय पर पेमेंट भी की जा रही है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# सड़क पर घूमते आवारा पशुओं को हटाये निगमः जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि आदर्श नगर मेट्रो व जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के बीच शाह आलम बांध सांई मंदिर के पास और वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वजीरपुर जेजे कालोनी, अशोक विहार फेस-2 में चौधरी खिम्मन सिंह पार्क के पास, त्रिनगर में शंकर चौक के आस-पास, शालीमार बाग में शीशमहल पार्क के पास, पीतमपुरा में डिस्ट्रीक्ट पार्क के पास आवारा गाय व पशु यहां-वहां बैठे रहते है व सडक पर घूमते रहते है, जिसकी वजह से रोड़ एक्सीडेंट होने से लोगो की





जान का खतरा बना रहता है और ट्रैफिक धीमा होने से लोगो को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पडता है। श्री जिन्दल ने कहा कि इन आवारा गायों के मालिक इन पर मुहर व कान पर टैग लगाकर सड़कों पर सुबह छोड़ देते है और शाम को दूध निकालने के समय ले जाते है, सारा दिन यह आवारा गायें सड़कों पर घूमती रहती है, गायें कूडा और प्लास्टिक पन्नी खाती है और गंदगी फैलाती है, जिससे गायों के बीमार होने का खतरा रहता है और जो दूध इन गायो से निकाला जायेगा वह लोगो की सेहत के लिये हानिकारक होगा।

इसके अलावा सड़को पर फैली गंदगी के कारण स्थानीय निवासियों का जीना दुभर हो गया है व बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। श्री जिंदल नें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर ज्ञानेश भारती और मेयर डा. शैली ओबराय से पत्र लिखकर मांग की है कि इन आवारा पशुओं को हटाने की जल्द से जल्द व्यवस्था की जाये जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके।

# कोर्ट ने दिल्ली में गुटखा-तंबाकू पर जारी पाबंदी को रखा बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के स्टोरेज, उत्पादन और बिक्री पर बैन के दिल्ली सरकार के आदेश को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसने दिल्ली सरकार की अधिसूचना रद्द कर दी थी।

सिंगल बेंच ने 27 सितंबर 2022 को दिल्ली सरकार के नोटिफिकेशन को निरस्त कर दिया था। सिंगल बेंच के आदेश को हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में चुनौती दी गई थी। सिंगल बेंच के आदेश को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी कमिश्नर ने




डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। दरअसल, दिल्ली सरकार ने 25 मार्च, 2015 को दिल्ली में गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के स्टोरेज, उत्पादन और बिक्री पर बैन लगाने के लिए अधिसूचना जारी की थी। इस अधिसूचना की अवधि लगातार बढ़ाई जाती रही है।



अयोध्या लोकसभा से सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात करते हुए नव युवक उज्जवल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान, संरक्षक आकाश गोयल, कार्यकारिणी सदस्य अनुराग, संयोजक एडवोकेट लोकेश राघव, उपाध्यक्ष अंकुश गुप्ता व अन्य।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर द्वारा सोमवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर आगामी 12 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नरेला के पाना उद्यान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें 12 अप्रैल को अपना था साईं बाबा मंदिर पंजाबी कॉलोनी में होने वाले कार्यक्रम "आओ प्रभु के द्वार, पाओ खुशियों का उपहार" के संबंध में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर इंचार्ज बीके गीता बहन ने




जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय अध्यात्मिक प्रवक्ता एवं राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित बीके शिवानी दीदी का 12 अप्रैल को पहली बार नरेला में आगमन हो रहा है। शिवानी दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला के तत्वाधान में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अपना था साईं बाबा मंदिर पंजाबी कॉलोनी में आयोजित हो रहे कार्यक्रम "आओ प्रभु के द्वार, पाओ खुशियों का उपहार" में उद्बोधन प्रदान करेंगी। आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए नरेला के सभी सामाजिक संगठनों को साथ में जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम के लिए निःशुल्क पास जारी किए हैं। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाए गए हैं। बीके निरंजन भाई ने बताया कि सैकड़ों बीके भाई बहन अलग-अलग दायित्वों के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। आयोजन से जुड़े बीके रूपेश ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हैं। प्रेस वार्ता में नरेला सेंटर इंचार्ज बीके गीता दीदी, बीके धनंजय, बीके गीता, बीके रूपेश, बीके दीपक, बीके धर्मपाल, बीके सनी, बीके निरंजन, फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी वार्ड में सुरेश शर्मा ने की सफाई मित्रों के साथ बैठक

## जहांगीरपुरी वार्ड में सफाई व्यवस्था को किया जायेगा काफी दुरूस्तः सुरेश शर्मा





**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**वार्ड-18** (जहांगीर पुरी) में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतू वार्ड के सभी सफाई मित्रो के साथ आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बैठक की। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, आम आदमी पार्टी के नेता अनुज सिंह व अधिकारियों सहित कई सफाई मित्र मौजूद रहे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखना है। इसके लिए सभी कर्मचारी मेहनत से कार्य करते हुए जो भी क्षेत्र में लोगों की समस्याएं है उनको दूर करें। जिससे की लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# करावल नगर में कांग्रेस ने किया सभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल नगर** विधानसभा के सोनिया विहार के अंदर करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया। जिसके अंदर डॉक्टर नरेंद्र नाथ पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से यह लोकतांत्रिक सरकार लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास कर रही है, हम इसकी घोर निंदा करते हैं। इसका विरोध करते हैं इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने संबोधन में कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी द्वारा महंगाई, बेरोजगारी और भ्रटाचार के खिलाफ संसद में आवाज उठाने पर जिस तरह से केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके



से राहुल गाँधी की सदस्यता खत्म की गई हम उसके घोर निंदा करते हैं और गरीब किसान मजदूर नौजवानों की आवाज को राहुल गांधी पार्लिमेंट केंद्र रहे या पार्लिमेंट के बाहर हो उनकी आवाज को उठाते रहेंगे। सरकार के द्वारा जन विरोधी नीतियों का विरोध करेंगे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रामजी मिश्रा, राम निवास यादव, आरती गायक, सुशीला देवी, सतीश कौशिक, सुनील कुमार, मनोज शर्मा, संजय सिंह, प्रवीण चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, अशोक विहार फेज-2 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व प्रेम कुमार विद्यार्थी।

# ओखला ट्रांसपोर्ट इलाके में देर रात पीटकर व्यक्ति की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण पूर्वी** दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में एक शख्स की बीती देर रात पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लोगों से मौके पर मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान प्रभुनाथ के रूप में हुई है। वह बिहार का रहने वाला था। यह वारदात देर रात 11:30 बजे के आसपास हुई है। जिस जगह यह घटना हुई है, वह ट्रांसपोर्ट का इलाका है। वहां पर अलग-अलग ट्रांसपोर्ट के ऑफिस बने हुए हैं। मौके से मिली जानकारी के अनुसार रात में इन लोगों ने शायद ड्रिंक भी किया था। उसी दौरान किसी बात को लेकर के आपस में बहस हुई और उसके बाद प्रभुनाथ पर हमला किया गया। उसके बॉडी पर चोट के निशान मिले हैं। मौके पर नमकीन का पैकेट और बोतल भी मिली है, जिससे अंदाज लगाया जा रहा है, की रात में यहां पर लोग आपस में पार्टी कर रहे थे। जिस ऑफिस के पास यह घटना हुई है उसके मालिक ने बताया की जब उसे इस वारदात के बारे में जानकारी मिली तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। हालांकि रात में ही प्रभुनाथ को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज उसकी बॉडी का पोस्टमार्टम किया जाएगा।




'लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ संवाद' आज की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए वजीरपुर विधानसभा के सेंट्रल मार्केट अशोक विहार पार्किंग में सभा हुई। जिसमें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिकिशन जिंदल, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, शांति स्वरूप, पंकज शर्मा, दिनेश भड़ाना, हरीश जैन, अब्दुल सत्तार, जोगिंदर खारी, ममता वर्मा, दीपिका वर्मा, बदरुद्दीन खान, जगदीश बंसल, अनिल खारी मौजूद रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय का 1886.53 करोड़ रुपये का बजट पारित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कार्यकारी परिषद की बैठक में वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए विश्वविद्यालय का 1886.53 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और अनुसंधान उन्मुख शिक्षाविदों के पुनर्नियोजन के लिए भी मसौदे को मंजूरी दी गई। नए वित्त वर्ष की इस पहली बैठक में वर्ष 2023-2024 के लिए वित्तीय बजट अनुमान (संशोधित बजट अनुमान 2022-23 और बजट अनुमान 2023-2024) पेश किया गया।

# हज मंजिल पर ताला लगाने के फरमान पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हज** हाउस खाली करने के दिल्ली सरकार के नोटिस के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

इसी हज मंजिल में ही दिल्ली हज कमेटी का दफ्तर भी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेता स्वर्गीय मदन लाल खुराना के कार्यकाल में हज हाउस (हज मंजिल) शुरू हुआ था, जिसे मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल उजाड़ने पर आमादा हैं, लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। केजरीवाल को हज हाउस पर ताला लगाने की चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। अगर ताला लगेगा, तो सबसे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी घर पर लगेगा। अच्छा होता कि केजरीवाल पहले अल्पसंख्यक नेताओं को बुलाकर इस समस्या पर बात करते, लेकिन उन्होंने टकराव का रास्ता चुना है और भाजपा उनकी चुनौती को स्वीकार करती है। प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी आतिफ रशीद ने कहा कि केंद्र सरकार ने जब से हज पर जाने वाले यात्रियों (हाजियों) के लिए सुविधाएं देने की घोषणा की है।

# श्री खाटू श्याम मासिक भंडारा सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
"**श्री** खाटू श्याम मासिक भंडारा सेवा समिति" की तरफ से स्वरूप नगर में पहला विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें करीब एक हजार लोगों ने खाटू श्याम बाबा का प्रसाद ग्रहण किया और खाटू श्याम बाबा का जयकारा लगाया। इस मौके पर आशीष गर्ग, संजय गर्ग, तनुज गर्ग, अजय मंगला, संजय यादव, धर्मेंद्र सैनी, राकेश शर्मा, मनीष खन्ना, कमल कांत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आशीष गर्ग ने बताया कि यह हमारा पहला मासिक भंडारा है, अब हर महिने भंडारे का आयोजन किया जायेगा। श्री गर्ग ने बताया कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए।

# कृषि मंत्री ने अनाज मंडी गोहाना का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहाना(सोनीपत)/**
**हरियाणा के** कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य और कानून व विधायी मंत्री जयप्रकाश दलाल ने सोमवार को गोहाना की नई अनाज मंडी का दौरा करते हुए फसलों की आवक तथा खरीद का जायजा लिया। उन्होंने किसानों तथा आढ़तियों से भी सीधी बातचीत करते हुए उनकी मांगों व समस्याओं की सुनवाई की, जिनके समाधान के लिए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने मंडी में गेहूं की ढ़ेरियों पर जाकर जायजा लेते हुए आद्रता भी नपवाई। उन्होंने गेट पास तथा अन्य सुविधाओं के विषय में भी पड़ताल की। अधिकारियों की भी बैठक ली,



जिसमें उन्होंने फसल की आवक तथा खरीद और उठान के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भरोसा दिया कि उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण अवश्य करवायें। यह बेहतरीन योजना है, जिसके माध्यम से किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से हजारों करोड़ रुपया दिया जा चुका है। किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहकर योजना का लाभ उठायें।
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस बार गत वर्ष की तुलना में गेहू की आवक अधिक होगी। इसके लिए मंडियां तैयार हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं किसान हैं और किसान के पुत्र हैं और हमेशा किसान

**8 गोहाना की नई अनाज मंडी का दौरा करते हुए फसलों की आवक तथा खरीद का जायजा लिया**

की आवाज में आवाज मिलाता हूं। सदैव किसानों की सेवा करता हूं और करते रहना चाहता हूं। किसान है तो मंडी है। किसान है तो हम हैं।
कृषि मंत्री दलाल ने मंडी में व्यवस्थाओं की पड़ताल कर संतुष्टि व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी विशेष बातचीत करते हुए कहा कि फसल खरीद शुरू हो गई है। सरसों की पहले से चल रही है। फसल बीमा योजना किसानों के हित में है। ऐसी किसान हितकारी योजनाओं को लेकर दुष्प्रचार नहीं करना चाहिए। फसल खराबा को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विशेष गिरदावरी करवाई जा रही है। पूरा आंकड़ा एकत्रित होने के तुरंत बाद किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। इस दौरान आढ़ती एसोसिएशन ने भी उन्हें मांगपत्र सौंपा, जिसके संदर्भ में उन्होंने कहा कि जांच करवाकर पूरी की जाने वाली मांगे पूर्ण करवायेंगे। उन्होंने सात दुकानों के मामले में मौके पर ही आला अधिकारी को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम आशीष कुमार, उप-कृषि निदेशक डा. अनिल सहरावत, डीएमओ धर्मराज दांगी, गोहाना मार्केट कमेटी के सचिव दीपक लोहचब, मार्केट कमेटी के एक्सईएन शशिभूषण सहारण, यूएचबीवीएन के एक्सईएन धर्मबीर सिंह, डा. देवेंद्र लांबा, राजेंद्र मेहरा, डा. ओमप्रकाश शर्मा तथा बलराम कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# भाई-बहन का रिश्ता होता है बेहद खास: सुधीर जैन

## ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया 'नेशनल सिबलिंग्स डे'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में सोमवार को 'नेशनल सिबलिंग्स डे' (राष्ट्रीय भाई-बहन दिवस) उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने अपने से छोटे भाई-बहनों के साथ मिलकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक कार्ड बनाए और गीत-संगीत की धुनों पर नृत्य पेश कर समां बांध दिया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को नेशनल सिबलिंग्स डे की शुभकामनाएं दी । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि भाई-बहन हमारे सबसे पहले और सबसे अच्छे दोस्त होते हैं । परिवार में साथ-साथ रहने के कारण हम एक दूसरे के साथ सुख-दुख साझा करते हैं।
सुधीर जैन ने कहा कि वास्तव में भाई-बहन का रिश्ता सबसे प्यारा होता है, लड़ते- झगड़ते भी हैं और प्यार भी सबसे ज्यादा करते हैं। सिबलिंग्स के बिना जीवन वाकई काफी अधूरा होता है। भाई-बहन बड़े हों या छोटे हों रिश्ता हमेशा ही प्यार से भरपूर रहता है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता एक दोस्त का भी होता है, जो एक-दूसरे से सब कुछ शेयर करते हैं। खासकर जब बहन बड़ी हो तो बड़ी बहन मां की तरह अपने भाई का ख्याल रखती है। इसके साथ ही बड़ी बहन अपने भाई को हर मुसीबत से बाहर निकलने में भी मदद करती है।
प्राचार्या रिचा चावला ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'नेशनल सिबलिंग्स डे' भाई-बहन के बीच के विशेष बंधन और रिश्ते को समर्पित है। यह भाई-बहनों द्वारा एक-दूसरे को दिए जाने वाले प्यार, समर्थन और आजीवन दोस्ती को स्वीकार करने का दिन है । इस अवसर पर आठवीं की छात्रा मुस्कान ने सबसे पहले अपने विचार प्रस्तुत किए । कक्षा 5वीं की श्रद्धा ने बताया कि पहली कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बहन आकर्षा उसकी सबसे अच्छी मित्र है, वह उससे लड़ती भी है ,परंतु उसके बिना रह भी नहीं सकती।
कक्षा छठी की लक्ष्मी ने भी अपने भाई के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत किया। शिल्प कला की अध्यापिका सपना की देखरेख में कार्ड मेकिंग गतिविधि और नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्रा अनन्या ने कक्षा पहली में पढ़ने वाली अपनी बहन मान्या को कार्ड देकर अपना प्रेम प्रकट किया । चौथी कक्षा के कायत, काम्या गौरवी, गीतांशी आदि ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया ।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में सोमवार को मिले कोरोना से संक्रमित 15 पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत: उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि सोमवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 15 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 05 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59968 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 659 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 32 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

### 11 प्राईवेट स्कूलों की मान्यता, भवन व जमीन के ब्यौरे में 5 ने दी जानकारी

**गन्नौर: खंड शिक्षा** अधिकारी द्वारा गन्नौर के ग्यारह स्कूलों से मान्यता आदि जानकारी मांगने के बाद भी अब तक केवल 5 ही स्कूलों ने जानकारी दी है। बीईओ ने अन्य स्कूलों को चेताया कि उनसे गत 5 अप्रैल को जानकारी मांगी गई थी। बीईओ ने बताया कि स्कूलों



संचालकों को लिखित में विभाग को बताना है कि उनके पास मान्यता स्थाई है या अस्थाई और कितनी कक्षा तक के बच्चें पढ़ाने की मान्यता का पूरा ब्यौरा देना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल संचालक को अपने स्कूल के भवन, कमरों सहित विवरण मांगा गया था। उनमें से अब तक पांच स्कूलों ने अपना ब्यौरा दिया है।
**इन स्कूलों ने दिया है अभी तक ब्यौरा: खंड** शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बाल भारती मॉडर्न स्कूल घसोली, बाल भारती सी.से स्कूल बड़ौत, ,बाल कल्याण सी.से स्कूल राजलू गढ़ी, आर.एन टैगोर पब्लिक स्कूल घसौली, नवीन बाल विकास हाई स्कूल भिगान के पास स्थाई मान्यता है। सरकार के सभी नॉर्म पूरे करते है। बीईओ ने बताया कि नए सत्र में कोई स्कूल संचालक गलत दाखिला न कर ले। जिसके पास जिस कक्षा की मान्यता है। उसमें ही दाखिला करे। इसको लेकर सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि सरकार के पास इस बात कि शिकायत आ रही थी कि कुछ स्कूलों की मान्यता आठवीं कक्षा तक है लेकिन वो छात्रों को दसवीं तक पढ़ा रहें है।

### सट्टेबाजों व अवैध हथियारों सहित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** पुलिस आयुक्तालय,सोनीपत के पश्चिम क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए समय 02.00 से 08.00 तक एक विशेष अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस उपायुक्त, पश्चिम क्षेत्र, सोनीपत डा. अंशु सिंगला आदेशानुसार पश्चिम क्षेत्र में तैनात पुलिस के अधिकारीयों व कर्मचारियो ने भाग लिया। पुलिस उपायुक्त, पश्चिम क्षेत्र, सोनीपत डा. अंशु सिंगला के निदेर्शानुसार इस दौरान नशा तस्करों, शराब तस्करी के आरोपियों को गिरफतार किया गया तथा जुआरियो व सट्टेबाजों समेत अवैध हथियारों सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त, पश्चिम क्षेत्र, सोनीपत डा. अंशु सिंगला ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट सोनीपत के पश्चिम क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए एक विशेष अभियान चलाया, इस दौरान पश्चिम क्षेत्र के सभी थानों में पैदल गस्त, चैकिंग/नाकाबन्दी व व्हीकल गस्त की गई जिसमें करीब 600 व्हीकलों व 250 व्यक्तियों को चैक किया गया। इस दौरान 24 व्हीकलों के मोटरव्हीकल एक्ट के तहत चालान किए गए व 7 व्हीकलों को इम्पाउंड किया गया तथा 60 व्यक्तियों के पर्चे अजनबी चाक किये गये। स्थानीय एवं विशेष अधिनियम के अन्तर्गत 10 अभियोग दर्ज किये गये जिनमें आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 3 व्यक्तियों को काबू करके उनसे 20 बोतल अग्रेंजी शराब, 10 बोतल व 55 पव्वे देशी शराब, अधिनियम के अन्तर्गत 04 व्यक्तियों को काबू करके उनसे 7525/-रुपये, शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अवैध शस्त्र सहित 02 व्यक्तियों को काबू किया।

# बकाया किस्तों का भुगतान का नोटिस थमाया

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/**
**कुण्डली स्थित** सैक्टर 60 में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासी पिछले 8 वर्षों से बिजली-पानी न मिलने से तो परेशान थे ही, ऊपर से बोर्ड के अधिकारियों ने जले पर नमक छिड़कने का काम करते हुए बकाया किस्तों का भुगतान करने का नोटिस थमा दिया जिससे अलाटियों में जबरदस्त रोष है। परेशान कालोनी वासियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन से गुहार लगाई। राजीव जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संज्ञान में मामला लाकर नोटिस

**8 परेशान कालोनी वासियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन से गुहार लगाई**

रूकवाने का आग्रह किया, उस पर मुख्यमंत्री ने बोर्ड के प्रधान सचिव अजीत बालाजी जोशी को फोन पर निर्देश देकर कहा कि नोटिसों पर कोई कारवाई न की जाये। इससे कालोनी वासियों को बड़ी राहत महसूस हुई है। पीड़ितों ने बताया कि हमें 8 वर्ष पहले बोर्ड ने मकान आबंटित किये थे चूंकि ये मकान प्राइवेट बिल्डर टी0डी0आई0 द्वारा बनाकर हाऊसिंग बोर्ड को सौंपे थे और हाऊसिंग बोर्ड ने हमें आबंटित किये थे। कालोनी में बिजली आपूर्ति के लिए आधार भूत ढांचा प्राइवेट बिल्डर ने तैयार करना था परन्तु बिल्डर्स के कानों पर जूं नहीं रेंगी। पीड़ितों ने बताया कि हमने बार-बार गुहार लगाई तो सरकार ने तय किया कि हाऊसिंग बोर्ड पैसे जमा करवा देगा परन्तु हाऊसिंग बोर्ड के पास वेतन देने के भी लाले पड़े हुए हैं। पीड़ितों का कहना है कि बिजलीपानी न मिलने के कारण में किराये के मकानों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, बिजली पानी न मिलने के कारण अलाटियों ने बोर्ड से पैसा भी वापिस मांगना शुरू कर दिया और कुछ ने किस्त जमा करवानी बंद कर दी।
हाऊसिंग बोर्ड ने किस्त न जमा करवाने वालों को 14 मार्च को नोटिस भेजकर 31 मार्च तक किस्त जमा करवाने के नोटिस भेजे थे नहीं तो बोर्ड एक माह बाद मकानों का कब्जा लेने की कारवाई शुरू कर देगा। बिजली-पानी की आपूर्ति के लिए कालोनी वासी बोर्ड कार्यालय, जिला उपायुक्त के दरबार में यहां तक कि मुख्यमंत्री के दरबार में भी मांग रख चुके हैं परन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# डबरपुर गांव के सुनील ने सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**कजाकिस्तान** के शहर अस्ताना में 9 अप्रैल को हुई सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में डबरपुर गांव के सुनील मलिक पुत्र अश्वनी ने कांस्य पदक जीता। उनके पदक जितने पर गांव में खुशी की लहर है। ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने उनके परिजनों को बधाई दी। सुनील मलिक ने बातचीत में बताया कि उसने जापान के खिलाड़ी को 4-1 से पराजित कर पदक पर कब्जा किया है। खेल प्रेमियों द्वारा पदक जीतकर उनके गांव में आने पर स्वागत किया जाएगा। उनके भाई नितिन मलिक ने बताया कि शुरू से ही सुनील बहुत ही होनहार



खिलाड़ी है।
इससे पहले भी वह पदक जीतकर गांव का नाम रौशन कर चुका है। इससे पहले भी 2019 में चीन में हुई सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद फिर 2020 में दिल्ली में हुई सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनिशप में स्वर्ण पदक जीता।

# गढ़ी कलां फ्लाईओवर के ऊपर कार की टक्कर से मोटरसाईकिल चालक की मौत

## पुलिस ने मामला दर्जकर कार चालक की तलाश की शुरू, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नेशनल** हाईवे 44 पर गढ़ी कलां फ्लाईओवर के ऊपर कार चालक ने मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके पीछे बैठा दूसरा युवक घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान शीशपाल निवासी घोघड़ीपुर, करनाल के तौर पर हुई। वह थाना द्वारका दिल्ली में प्राइवेट सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। पुलिस को शिकायत में जोनी निवासी भरत बिहार, सेक्टर-15 द्वारका दिल्ली ने बताया कि वह सेक्टर-17 दिल्ली में प्राइवेट सफाई कर्मचारी लगा है। उसी थाने में फूफा शीशपाल निवासी घोघड़ीपुर, करनाल भी सफाई कर्मी लगा हुआ था। ड्यूटी पूरी करने के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर रविवार को अपने फूफा के गांव घोघड़ीपुर आ रहे थे। उस दौरान शीशपाल मोटरसाईकिल को चला रहा था। वह पीछे बैठा हुआ था। गढ़ी कलां के नजदीक पहुंचने पर एक कार चालक ने उनकी मोटरसाईकिल को टक्कर मारी। टक्क्र लगने के बाद दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर मेडीकल कालेज में रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसके फूफा शीशपाल को मृत घोषित कर दिया।

# महिला से दुष्कर्म की घटना में संलिप्त आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस ने महिला से दुष्कर्म की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामेश्वर पुत्र श्रीओम निवासी जला मुरेना मध्य प्रदेश का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 22 मार्च को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सेक्टर-27 सोनीपत में शिकायत दी थी कि रामेश्वर पुत्र श्रीओम निवासी जला मुरेना मध्य प्रदेश ने मेरे साथ दुष्कर्म किया है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना सेक्टर-27 सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था।

# कांग्रेस पार्टी मौका देगी तो वे गन्नौर हलके के लोगों की सेवा करेंगे : त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**कांग्रेस** नेता एवं त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने कहा प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। त्यागी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे इनेलो में दो बार हल्काध्यक्ष रहे। उसके बाद वे भाजपा में शामिल हुए थे उन्होंने कहा कि हलके के लोग उनसे काम कहते थे लेकिन काम नही हुए तो उन्होंने भाजपा को छोड़ कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल



हो गए है। त्यागी ने कहा कि सरपंच व किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर बैठे है। वे कांग्रेस में हलके के लोगों की पूरी मेहनत से लोगों की सेवा करेंगे। आने वाला समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा का है। आज किसान जहां फसल बेचने में परेशान है। वहीं हुड्डा राज में नारा लगा था कि हुड्डा तेरे राज में, जीरि गई जहाज में, हुड्डा राज में किसान ने तरक्की है। मजदूर, व्यापारी वर्ग परेशान है। गन्नौर हलके की जनता ने उनसे कांग्रेस में शामिल होने की अपील की तो वे हलके के लोगों की भावनाओं को देखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। त्यागी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जजपा को भाजपा के विरोध में उन्हें 10 सीट देने का काम किया था लेकिन वे बनने के बाद भाजपा में चले गए तो लोग खुश नही है। कांग्रेस में शामिल हुए जजपा जिलाध्यक्ष पदम सिंह दहिया भी लोगों की भावनाओं को देखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। सरपंच लोगों के चुने हुए प्रतिनिधि है। उनकी भावना को सरकार को समाना चाहिए। गांवों में सभी गलियां टूटी हुई है। विकास कार्य ठफ पड़े है। प्रदेश में जजपा व भाजपा का कुछ नही है। अगले मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा बनेगे। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी वे गन्नौर हलके के लोगों की सेवा करेंगे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा के प्रांत कार्यकारिणी बैठक 8-9 अप्रैल रोहतक के शिक्षण संस्थान में रही। प्रांत कार्यकारिणी बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत भर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, प्रांत उपाध्यक्ष, प्रांत सह मंत्री, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, प्रांत भर के दायित्व वान कार्यकर्ता, विभाग प्रमुख, जिला प्रमुख, जिला संयोजक, विभाग संगठन मंत्री, जिला संगठन मंत्री, विस्तारक, अमृत महोत्सव विस्तारक, विभिन्न कार्य आयाम गतिविधि के दायित्व वान कार्यकताओं व छात्र नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया।
बैठक में मुख्य रूप से उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय विजय प्रताप जी का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में विशेष रूप से श्याम कुशवाह जी ( प्रांत संगठन मंत्री), डॉ. सुशील मेहता जी (प्रांत अध्यक्ष ) व माधव रावत जी (प्रांत मंत्री ) का रहना हुआ। बैठक में अभाविप द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों पर चर्चा हुई वह आने वाले कार्य गतिविधियों पर नीति बनाई गई। किस तरह आने वाले समय में विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय विश्वविद्यालय में रहकर विद्यार्थियों की समस्या सुनेगा उनका समाधान करवाने में हर संभव सहयोग करें। प्रांत भर से आए हुए छात्र नेताओं ने अपने क्षेत्र के महाविद्यालय व विश्वविद्यालय पढ़े रिक्त पदों , स्थाई भर्ती विद्यार्थियों को आने- जाने में आने वाली समस्या , बस पास, छात्राओं की सुरक्षा व छात्र संघ चुनाव को बहाल किया जाए आदि मांगों को भी रखा। प्रांत मंत्री माधव रावत जी ने कहा कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने के लिए आने वाले समय में विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय विश्वविद्यालय जिला प्रशासन व सरकार को ज्ञापन देगा अगर फिर भी इनसे भी समाधान नहीं होता तो विद्यार्थी परिषद प्रांत भर में विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा आंदोलन करेगा। सोनीपत जिले से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदीप शास्त्री ( सोनीपत विभाग विस्तारक ), करिश्मा चौधरी ( इढरटश खानपुर विश्वविद्यालय विस्तारिका व विभाग छात्र प्रमुख ), डॉ. विकास मलिक, ( प्रांत निजी विश्वविद्यालय प्रमुख ), डॉ. ललित शर्मा ( प्रांत मैडिविजन संयोजक ) छ३. अनिल बडगूजर ( जिला प्रमुख ), तनु पूनिया ( जिला संयोजक), डॉ. शिखा ( जिज्ञासा प्रांत सह संयोजिका ), डॉ. मनदीप सिंह मौजूद रहे।

# लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**
**10 अप्रैल** 2023 को लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल सोनीपत, के बच्चों के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय की यज्ञशाला में सभी बच्चों ने हवन की पुण्य अग्नि में आहुति दी। तत्पश्चात माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित



कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को तिलक लगाया और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी बच्चों को नए सत्र के शुभारंभ पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में संस्कारों ओर शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी बच्चे बहुत खुश थे और उनका जोश व उत्साह देखते ही बनता था।
लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने सभी बच्चों को शिक्षा के चहुँमुखी विकास का महत्वपूर्ण तथ्य बताया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने स्पेशल एजुकेशन के साथ-साथ स्पोर्टस क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक प्राप्त किए हैं। तत्पश्चात बच्चों को प्रसाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# 'सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है।
उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।
उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं करवाया या जिनकी दूसरी डोज लगनी है। वह सभी अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीकाकरण अवश्य करवाएं।
उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब तक अब तक 23 लाख 63 हजार 855 जिला में 12 लाख 99 हजार 402 को लगी पहली व 10 लाख 02 हजार 216 को लगी दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा 62237 लोगों को बूस्टर डोज लगाई जा चुकी है।

न्यूज फ्लैश

## बैंक कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरिद्वार:** एक बैंक कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही कुछ युवकों पर उन्होंने शक जताया है। गंगनहर कोतवाली रुड़की क्षेत्र के मतलबपुर गांव निवासी 42 वर्षीय विक्रम सैनी पुत्र राजकुमार सैनी भारतीय स्टेट बैंक की मेन ब्रांच रुड़की में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। रविवार देर शाम कुछ युवक विक्रम को घर से बुलाकर ले गए थे। इसके बाद वह घर वापस नहीं आए। जब देर शाम तक विक्रम घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने विक्रम की तलाश शुरू की, लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिला। रात भर परिजन रिश्तेदारी और अन्य स्थानों पर विक्रम की तलाश करते रहे। सोमवार की सुबह विक्रम की बाइक सोलानी पार्क के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली। विक्रम के परिजनों ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने कुछ युवकों पर शव जताया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सिविल लाइन कोतवाली के उप निरीक्षक बारू सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जहां बाइक मिली है वहां आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

## बारिश से टीन शेड पर पेड़ गिरा, 7 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
महाराष्ट्र के अकोला में रविवार को टीन शेड पर पेड़ गिर जाने से 7 लोगों मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। हादसा अकोला के पारस गांव में हुआ। यहां करीब 40 लोग बाबूजी महाराज संस्थान में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। यहां शाम करीब 7 बजे जोरदार बारिश होने लगी और तेज हवा चलने लगी। इसकी वजह से एक नीम का पेड़ उखड़कर उस टीन शेड पर गिर पड़ा जिसके नीचे सभी श्रद्धालु इकट्ठा हुए थे। इनमें से 4 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 36 को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**घायलों में से 3 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव-राहत टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से रेस्क्यू का काम शुरू हुआ, जो सुबह 3 बजे तक जारी रहा। लोगों ने आरी से पेड़ को काटकर उसे हटाया और मलबे को साफ करने के लिए जेसीबी की मदद ली। **बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे जुटे थे लोग:** पुलिस के मुताबिक पारस अकोला जिले के बालापुर तालुका का एक गांव है। यहां पर बाबूजी महाराज संस्थान के मंदिर में रविवार होने के कारण शाम को आरती और दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। संस्थान क्षेत्र में शाम करीब साढ़े सात बजे आरती शुरू हुई। इस मंदिर के बाहर एक बड़ा टीन शेड है। जिले में बेमौसम बारिश हुई, जिसकी वजह से रास्ते से गुजरने वाले लोग और श्रद्धालु बारिश से बचने के लिए टीन शेड के नीचे आकर खड़े हो गए।

# 'पुलिस के सामने सरेंडर करे अमृतपाल'

**धार्मिक स्थानों का प्रयोग अपने निजी कारणों के लिए नहीं करना चाहिए, धार्मिग ग्रंथों व धार्मिक स्थानों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए**

**सलाह**

**पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर है। अगर किसी ने नियम तोड़े हैं तो वह खुद को कानून के आगे पेश करे: डीजीपी**



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के लिए पहुंचे डीजीपी गौरव यादव ने अमृतपाल सिंह को सरेंडर करने की नसीहत दी है। अमृपताल के बारे में पूछे गए सवाल पर डीजीपी यादव ने साफ कहा कि जो भी नियमों अनुसार वांछित होगा, उसे गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं उन्होंने विदेश में बसे पंजाबियों को पंजाब आकर घूमने की पेशकश भी की है। डीजीपी यादव ने अमृतपाल सिंह का नाम लिए बिना कहा कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर है। अगर किसी ने नियम तोड़े हैं तो वह खुद को कानून के आगे पेश करे। कानून के अनुसार जो हमारे देश का नियम है, सभी के पास अपने अधिकार हैं। इसका एक प्रोसेस है। वह इस पर इससे अधिक कमेंट नहीं करेंगे, क्योंकि यह ज्यूडीशियल प्रोसेस होता है।
**धार्मिक स्थानों का नहीं होने देंगे दुरुपयोग:** कहूंगा कि धार्मिक स्थानों का प्रयोग अपने निजी कारणों के लिए नहीं करना चाहिए। धार्मिग ग्रंथों व धार्मिक स्थानों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। हम पंजाब में शांति को बनाए रखेंगे। शरारती लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। पंजाब की शांति भंग नहीं होने दी जाएगी, चाहे वे पाकिस्तान हो या कोई एजेंसी है।
**पंजाब की शांति नहीं होने दी जाएगी भंग:** डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब में पुलिस व लोग मिलकर राज्य की शांति को भंग नहीं होने देंगे। सबसे पहले, शरारती आंसर, जिन्हें बाहरी ताकतों व आईएसआई का सपोर्ट है, पंजाब की शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

## भगवंत मान सबसे कमजोर सीएम: बलकौर

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**पंजाबी सिंगर** शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर ने एक जनसभा के दौरान कहा कि भगवंत सिंह मान सबसे कमजोर सीएम साबित हुए हैं। बटिंडा की जेल में कैदियों ने अपना वीडियो वायरल किया है। इस पर बिना देरी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया, लेकिन लॉरेंस के इंटरव्यू पर सरकार ने चुप्पी साध ली है। इससे साबित होता है कि यह सरकार कातिलों को बढ़ावा दे रही है। जालंधर उपचुनाव में लोग खुद ही सरकार को शीशा दिखा जवाब दे देंगे। पिछले दिनों बठिंडा जेल से कुछ हवालातियों ने जेल प्रशासन पर मोबाइल और नशे को लेकर आरोप लगाए थे।
**जेल से उगाही कर रहे मान-केजरीवाल:** बलकौर सिंह ने कहा कि खुद को ईमानदार बताने वाले केजरीवाल और भगवंत मान सरकार जेल की एक बैरक से एक लाख रुपए की उगाही कर रही है ताकि बदले में मोबाइल और अन्य सुविधाएं मुहैया हो सके।



मूसेवाला के कत्ल के संबंध में जिन व्यक्तियों पर उन्हें शक है, उनके नाम कई बार बताए जा चुके हैं लेकिन सरकार इस मामले में पूरी तरह चुप है। लॉरेंस की जेल से जारी वीडियो पर किसी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की सिर्फ कमेटी बनाकर खानापूर्ति की है।

**निशाना साधा**

**भगवंत सिंह मान सबसे कमजोर सीएम साबित हुए हैं। बठिंडा की जेल में कैदियों ने अपना वीडियो वायरल किया है**

**'मेरा नां' गाने ने विरोधियों के मुंह पर तमाचा मारा:** शुभदीप के गीत मेरा नां को मिली प्रसिद्धि ने सरकार और विरोधियों के मुंह पर तमाचा मारा है कि सरकार उसे इंसाफ नहीं दे सकती लेकिन लोगों के दिलों से कैसे निकालेगी। बलकौर सिंह ने कहा कि भगवंत मान झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं जो चौपाल में स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने की बातें करते थे, अब खुद इससे भाग रहे हैं।

## कोविड को लेकर की मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
कोविड-19 के बढ़ते मामले को लेकर पूरे राज्य भर के सभी सरकारी हॉस्पिटलों में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की। यह मॉक ड्रिल सुबह सबसे पहले हल्द्वानी के सुशीला तिवारी और बेस हॉस्पिटल में संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की गई। एडीएम अशोक जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसीएमओ रश्मि पंत समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने सुशीला तिवारी हॉस्पिटल परिसर में बने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर ऑक्सीजन की सप्लाई को देखा, तो हॉस्पिटल में वेंटिलेटर युक्त बेड को भी देखा गया। वहां पर सारी व्यवस्था बेहतर पाई गईं। बेस

**जांचा परखा**

**हॉस्पिटल परिसर में बने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर ऑक्सीजन की सप्लाई को देखा**

हॉस्पिटल में भी मॉक ड्रिल के दौरान कोविड-19 को लेकर सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त पाई गई है। जिस तरह से कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं, उसको लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कोई भी कोताही बरतना नहीं चाहता, राज्य सरकार लगातार एडवाइजरी जारी की जा रही है, ऐसे में आज मॉक ड्रिल कर पूरे राज्य भर के सभी सरकारी हॉस्पिटल में की गई है।

## कोरोना: 'उत्तराखंड पूरी तरह सतर्क'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**कोरोना** के मामले लगातार बढ़ रहे हैं ऐसे में पूरे देश में सतर्कता बढ़ा दी गई है। उत्तराखंड की राजधानी भी इसमें शामिल है। दिल्ली, केरल , महाराष्ट्र और गुजरात जैसे कई राज्यों में लगातार बढ़ते कोरोना केसों के कारण सोमवार और मंगलवार को देशभर में स्वास्थ्य विभाग मॉक ड्रिल के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को परख रहा है। उत्तराखंड की राजधानी दून में सोमवार स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल का दौरा कर खुद कोरोना से निपटने की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में अभी



कोरोना की स्थिति सामान्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आने वाले समय में कोरोना मरीजों की संख्या में वृद्धि होती है तो उस स्थिति से निपटने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोनेशन में कोरोना मरीजों के लिए 100 बेड की सुविधा उपलब्ध है हमारे पास ऑक्सीजन, वेंटीलेटर बेड भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। दवाओं की कोई कमी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में अभी 30-35 के आसपास नए मरीज रोज मिल रहे हैं।

## भाजपा के लिए शुभ होगी दिग्गी की बुंदेलखंड यात्रा: विजयवर्गीय

**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुंदेलखंड के दौरे पर निकले हैं। उनका उद्देश्य है कांग्रेस नेताओं के बीच मनमुटाव को खत्म कर एकजुट करना और प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी। प्रदेश में सरकार बनाने के लिए बुंदेलखंड काफी महत्वपूर्ण है।दिग्विजय की इस यात्रा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि दिग्विजय की यह यात्रा भाजपा के लिए फलदायी होगी। दिग्विजय की बुंदलेखंड यात्रा पर भाजपा के

**तंज कसा**

**अच्छी बात है कि इस उम्र में भी दिग्विजय का जज्बा कायम है, लेकिन इस यात्रा का परिणाम सबको मालूम है**

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने चुटकी ली है। जबलपुर में सोमवार को उन्होंने कहा कि दिग्विजयसिंह की यह यात्रा भाजपा के लिए ही शुभ होगी। अच्छी बात है कि इस उम्र में भी दिग्विजय का जज्बा कायम है, लेकिन इस यात्रा का परिणाम सबको मालूम है।

## श्री अन्न उत्पादकों को विशेष लाभ मिलेगा: जोशी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसके मद्देनजर उत्तराखंड में पहली बार 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक मसूरी में कौसाम्ब और उत्तराखंड राज्य की ओर से मिलेट्स पर आधारित एक राष्ट्रीय सम्मेलन किया जा रहा है। इस बाबत कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मोटे अनाज (श्री अन्न) को प्रोत्साहित करने के तहत भाजपा शासित राज्यों में इस संबंध में विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। वे उत्तराखंड के कृषि मंत्री होने के साथ राज्य कृषि



विपणन बोर्डों की राष्ट्रीय परिषद के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने विधानसभा में कौसाम्ब के 11 से 13 अप्रैल तक मिलेट्स की संभावनाएं और अवसर पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन के संबंध में पत्रकारों से बातचीत की। कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल सहित विभिन्न राज्य कृषि विपणन बोर्डों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के विभिन्न राज्य कृषि विपणन बोर्डों अर्थात असम, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर आदि से कुल 50-60 प्रतिनिधि भाग लेंगे । कृषि मंत्री ने बताया कि इस सम्मेलन में मिलेट्स पर काम करने के लिए एक मैनेज्ड वे विकसित करने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

## कॉलेज के बाहर लगे खालिस्तानी नारे

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**सिख फॉर** जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर खालिस्तान के नारे पंजाब में लिखवा दिए हैं। इस बार यह नारे 324वें खालसा दिवस से चार दिन पहले बठिंडा के तलवंडी साबो में लिखे गए हैं, जहां बैसाखी व खालसा साजना दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है। आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यह नारे तलवंडी साबो के माता साहिब कौर गर्ल्स कॉलेज के बाहर लिखवाए हैं। पन्नू ने इसकी वीडियो भी बनाकर

**गुस्ताखी**

**इस बार यह नारे 324वें खालसा दिवस से चार दिन पहले बठिंडा के तलवंडी साबो में लिखे गए हैं**

वायरल की है। जिसमें वह साफ तौर पर बोल रहा है कि पंजाब का हल खालिस्तान ही है। गौरतलब है कि कुछ दिनों के बाद तलवंडी साबो में श्री दमदमा साहिब में खालसा साजना दिवस और बैसाखी के अवसर पर 12 से 14 अप्रैल तक विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर सुरक्षा के मद्देनजर श्री दमदमा साहिब के पास विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसके बावजूद यहां आतंकी पन्नू की तरफ से खालिस्तान के समर्थक में नारे लगाए गए हैं।
**अमृतपाल के सरेंडर की बात पर भड़का आतंकी:** बीते दिनों श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की तरफ से अमृतपाल सिंह को सरेंडर करने की हिदायत दी गई है। जिस पर विदेश में बैठा आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू फिर भड़क गया है।

## मुख्तार अंसारी स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मनी लॉन्ड्रिंग केस** में सोमवार को मुख्तार अंसारी की स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेशी हुई है। आरोप तय न होने पर 19 अप्रैल को मुख्तार से जुड़े मामले की सुनवाई फिर से होगी। बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी को कड़ी सुरक्षा में लखनऊ लाया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। मुख्तार अंसारी ट्रैक सूट पहने थे।




वन महोत्सव

### वन महोत्सव पर सजेगी खुशियों की बगिया

## 24 लाख पौधों से होगा प्रकृति का श्रृंगार

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
वन महोत्सव पर 24 लाख पौधों से प्रकृति का श्रृंगार होगा। जिले के हलिया क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए वन विभाग की ओर से हलिया व ड्रमंडगंज रेंज के नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। कुछ पौधे तैयार हो गए हैं जबकि कुछ पौधों को तैयार करने का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। वन महोत्सव की शुरूआत होते ही अभियान को गति दी जाएगी। पौधरोपण के बाद पौधों की देखभाल व उनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से वाचर के



साथ सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी, जिससे सभी पौधे सुरक्षित रहें। हलिया वन रेंज के कवलझर नर्सरी में कुल पांच लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसमें सागौन, शीशम, कंजी, आवाला, केसिया, सेमिया, इमली इत्यादि प्रजाति के पौधे हैं। नर्सरी प्रभारी वन्यजीव रक्षक नीटू शर्मा ने बताया कि नर्सरी पर पौधरोपण के लिए पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसी तरह दिघिया रेंज पौधशाला पर भी पांच लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए श्रमिक लगाए गए हैं। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से ही पौधरोपण शुरू हो जाएगा। वनक्षेत्राधिकारी रामनारायण जैसल ने बताया कि वन रेंज के वन क्षेत्र में करीब पांच सौ हेक्टेयर भूमि पर वन महोत्सव के तहत पौधरोपण कराया जाएगा। इसके लिए रेंज के कवलझर व दिघिया पौधशाला पर पौधे तैयार किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में भी पौधरोपण कराया जाएगा।